संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

आप सभी को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाए

RNI NO. JHAHIN/2015/74242

# सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा

## सौरमंडल में पृथ्वी की प्रकृति साधना का तप है छठ का लोक अनुष्ठान





सृष्टि में करोड़ों ब्रह्मांड हैं और हमारा ब्रह्मांड 'पृष्णि' कहलाता है। इसमें अरबों आकाशगंगाएं हैं, जिनमें हमारी आकाशगंगा मिल्की वे है। मिल्की वे में सौर मंडल हैं, और हमारा सौर मंडल 'सविता' कहलाता है। सूर्य हमेशा स्थिर रहता है और पृथ्वी उसकी परिक्रमा करती है। जो घटना हमें सूर्य के डूबने के रूप में दिखाई देती है, वह पृथ्वी के घूर्णन का परिणाम है। पृथ्वी का एक गोलार्ध सूर्य की किरणों से दूर जाने पर अंधकार हो जाता है। इसलिए सूर्य कभी वास्तव में डूबता नहीं।

**छठ का महाविज्ञान**

छठ पर्व केवल बिहार का लोक उत्सव नहीं, बल्कि एक वैश्विक प्रयोग है। इसमें सूर्य को अर्घ्य देकर शरीर और मन को ऊर्जा दी जाती है।सूर्य की अंतिम उपस्थिति में जल अर्पित करना और अगले दिन सूर्योदय के समय अर्घ्य देना जीवन में मूल आरोग्य की ऊर्जा प्रदान करता है। मिस्त्र के इतिहास में भी सूर्य के समक्ष जल अर्पित करने का प्रमाण मिलता है। इस प्रकार, छठ का लोक अनुष्ठान सौर ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रयोग है।

**सूर्य और ग्रहों की गति**

पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 365 दिनों में पूरी करती है। बुध को 88 दिन, नेपच्यून को लगभग 165 वर्ष लगते हैं। सूर्य स्वयं आकाशगंगा के केंद्र की परिक्रमा करता है, जिसकी गति लगभग 500,000 मील प्रति घंटे है। सूर्य और ग्रहों की इस गति के कारण ही समय, ऋतु और दिन-रात का परिवर्तन होता है।

**अर्घ्य का वैज्ञानिक महत्व**

सूर्य को जल अर्पित करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। जल के माध्यम से सूर्य की किरणें शरीर पर पड़ती हैं, जिससे विटामिन डी का निर्माण होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। सुबह नंगे पांव अर्घ्य देने से रक्त संचार सुधरता है और मानसिक संतुलन बढ़ता है। तांबे के लोटे से जल अर्पित करने से शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है। इस प्रक्रिया से आत्मविश्वास बढ़ता है और चिंता व अवसाद जैसी समस्याएं कम होती हैं। छठ पर्व वास्तव में सूर्य के प्रति एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक समर्पण है, जो जीवन को स्वास्थ्य, ऊर्जा और मानसिक शक्ति प्रदान करता है।



**मंत्रों के माध्यम से ऊर्जा अर्घ्य देते समय सूर्य के प्रति मंत्रों का जाप करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रमुख मंत्र हैं :**

ॐ सूर्याय नमः – सूर्य देवता को नमस्कार।

ॐ घृणि सूर्याय नमः – सूर्य की किरणों से ऊर्जा ग्रहण।

ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः – मानसिक शक्ति और ध्यान के लिए।

एहि सूर्य सहस्त्रांशो – हजारों किरणों वाले सूर्य से कृपा प्राप्ति के लिए।मंत्रों के जाप से मस्तिष्क शांत होता है, तनाव कम होता है और मानसिक संतुलन बढ़ता है।



संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

आप सभी को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाए

पूर्णिया सोमवार 27 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 215



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है। उन्होंने कहा कि भारत सदैव आसियान केंद्रित दृष्टिकोण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आसियान के आउटलुक का पूर्ण समर्थन करता रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2026 को 'भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष' घोषित करते हुए कहा कि यह साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बनेगी।

**आसियान के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों और अनिश्चितता के समय में भी भारत और आसियान की व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर प्रगति कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों का सहयोग अब मानव सहायता, आपदा राहत, समुद्री सुरक्षा और ब्लू इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों में तेजी से विस्तार पा रहा है। भारत अपने आसियान मित्र देशों के साथ हर संकट की घड़ी में खड़ा रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा।

**समावेशिता और स्थायित्व पर जोर :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष की आसियान समिट की थीम "इंक्लूसिविटी एंड सस्टेनेबिलिटी" हमारे साझा प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल समावेशन, खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता जैसे विषयों पर आसियान के साथ मिलकर काम कर रहा है। मोदी ने बताया कि भारत और आसियान मिलकर दुनिया की लगभग एक चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और साझा मूल्य एवं ऐतिहासिक संबंध इनको और करीब लाते हैं।

प्रधानमंत्री ने आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई दी और थाईलैंड की राजमाता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।




## सांस्कृतिक विरासत और तकनीकी सहयोग पर बल

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में भी भारत और आसियान के बीच सहयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। उन्होंने साझा सांस्कृतिक विरासत और जन-से-जन संबंधों को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि "आसियान कम्युनिटी विज़न 2045" और "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य मिलकर मानवता के लिए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।

## छठ महापर्व और भारतीय संस्कृति में एकता पर जोर

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें संस्करण में छठ महापर्व को संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है, जो भारत की सामाजिक एकता और सामूहिक आस्था का सुंदर उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को विशेष शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने हैदराबाद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमरम भीम के योगदान को याद किया और युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय नस्ल के श्वानों को बढ़ावा देने की पहल की सराहना की और बताया कि बीएसएफ व सीआरपीएफ ने अपने दस्तों में देशी नस्लों को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने 'वन्देमातरम्' की 150वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने का आह्वान किया तथा सरदार पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने का अनुरोध किया। साथ ही संस्कृत भाषा, पर्यावरण संरक्षण, अम्बिकापुर के 'गार्बेज कैफे', बेंगलुरु की झील संरक्षण पहल, गुजरात के मैंग्रोव अभियान और कोरापुट की कॉफी खेती की सराहना करते हुए इन्हें जनभागीदारी से परिवर्तन के उदाहरण बताया।

## प्रधानमंत्री 9 नवंबर को नवनिर्मित सैन्यधाम का करेंगे उद्घाटन

**देहरादून,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 नवंबर को देहरादून के गुनियाल गांव में नवनिर्मर्मित सैन्य धाम का उद्घाटन करेंगे। यह सैन्य धाम उत्तराखंड के बलिदानी सैनिकों को समर्पित है। इसके लिए बलिदानियों के घरों की मिट्टी एकत्र की गई थी।

रविवार को उक्त जानकारी देते हुए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि



लंबा इंतजार का समय खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो चुका है। प्रदेश के बलिदानी सैनिक और उनके परिवारों को समर्पित यह सैन्य धाम राज्य के चारों धामों की भांति लोगों की जनभावना से जुड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में सैन्यधाम का निर्माण कराने की घोषणा की थी। दिसंबर 2021 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसका शिलान्यास किया था। अब यह सैन्यधाम बन कर तैयार हो गया है। देश का पहला सैन्य धाम का निर्माण गुनियाल गांव की चार हेक्टेयर भूमि पर किया गया है। इस पर 91 करोड़ 26 लाख रुपये खर्च किए गए है। इसे बनाने के पीछे राज्य सरकार का उद्देश्य इसे श्रद्धास्थल और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है, ताकि देशभर से लोग यहां आकर मातृभूमि के वीर सपूतों को नमन कर सकें।

### इराक के जुबैर ऑयलफील्ड में पाइपलाइन आग हादसा, दो की मौत, पांच घायल

**बासरा (इराक),** (हि.स.)। इराक के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित जुबैर ऑयलफील्ड में रविवार को तेल पाइपलाइन में आग लगने से दो श्रमिकों की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से झुलस गए। अधिकारियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब श्रमिक पाइपलाइन के पास वेल्डिंग कर रहे थे। आग उस सेक्शन में भड़की जो तेल को नजदीकी भंडारण टैंकों तक ले जाता है। दमकलकर्मियों ने कई घंटे तक अभियान चलाकर दोपहर तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

बासरा ऑयल कंपनी (बीओसी) ने बताया कि आग का कारण पुरानी पंपिंग प्रणाली में गैस रिसाव था। मंत्रालय के अनुसार, मृतक में से एक कंपनी का कर्मचारी था और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं। इराक का जुबैर क्षेत्र देश के मुख्य तेल उत्पादन केंद्रों में से एक है और यहाँ कई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कंपनियां परिचालन करती हैं।

## भारत-चीन के बीच पांच साल बाद फिर शुरू हो रही सीधी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कोविड-19 महामारी और पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सीमा गतिरोध के कारण भारत और चीन के बीच साल 2020 से निलंबित सीधी उड़ान सेवा अब पांच साल बाद दोबारा शुरू हो रही है। इंडिगो और चाइना ईस्टर्न एयरलाइन दोनों ही अपने-अपने मार्गों पर उड़ानें फिर से संचालित करेंगे।

**इंडिगो की नई उड़ानें** इंडिगो ने 26 अक्टूबर से



कोलकाता-गुआंगझोउ और 10 नवंबर से दिल्ली-गुआंगझोउ उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। यह कदम भारत-चीन के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**राजनीतिक और रणनीतिक पहलू :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हालिया बैठक के बाद दोनों देशों ने सीधी उड़ान सेवा बहाली पर सहमति व्यक्त की। बीजिंग ने इसे द्विपक्षीय संबंधों के स्वस्थ और स्थिर विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया।

**आर्थिक और सामाजिक लाभ** सीधी उड़ान सेवा शुरू होने से व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों के नागरिकों को बेहतर लाभ पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र और विश्व में शांति और समृद्धि बनाए रखने में भी यह योगदान देगा।

**चाइना ईस्टर्न की उड़ानें**

चीनी एयरलाइन चाइना ईस्टर्न ने 9 नवंबर से शंघाई-दिल्ली मार्ग पर अपनी उड़ानें दोबारा शुरू करने की घोषणा की है। यह भारत और चीन के नागरिकों के लिए यात्रा सुविधाओं को आसान बनाएगा।

## बीमार लोगों को इलाज की सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता : द्रौपदी मुर्मू

**गाजियाबाद,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदिरापुरम स्थित 1200-बेड वाले यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश स्वास्थ्य सेवा में तेजी से प्रगति कर रहा है और सरकार लगातार स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। कोविड के दौरान अस्पताल द्वारा दी गई सेवाओं की उन्होंने सराहना की और सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर दिया।केंद्रीय रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह ने आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हर नागरिक का स्वस्थ रहना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यशोदा मेडिसिटी को विश्वस्तरीय हेल्थ सिटी बताया और प्रदेश में 42 मेडिकल कॉलेज और दो एम्स की स्थापना का उल्लेख किया।राष्ट्रपति ने अस्पताल के आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए और ट्रांस हिंडन क्षेत्र को नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया।

## एशिया प्रशांत दुर्घटना जांच समूह की चार दिवसीय बैठक कल से, भारत करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली,** (हि.स)। भारत पहली बार एशिया प्रशांत दुर्घटना जांच समूह (APAC-AIG) की चार दिवसीय बैठक और कार्यशाला की मेजबानी करेगा, जो 28 अक्टूबर से शुरू होगी। इस बैठक में लगभग 90 विमान दुर्घटना जांचकर्ता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि बैठक का आयोजन विमान दुर्घटना जांच के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग पर विचार-विमर्श के लिए किया जा रहा है। यह बैठक एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ICAO सदस्य देशों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से होती है। भारत पहली बार इसकी मेजबानी कर रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, बैठक का उद्देश्य जांच अधिकारियों के बीच विशेषज्ञता, अनुभव और जानकारी के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और सहयोग को सुदृढ़ करना है। कार्यशाला में एएआईबी और DGCA के अधिकारी भी शामिल होंगे, जिससे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग मजबूत होगा।

## भारत-पाकिस्तान 1971 युद्ध के हीरो गोविंद सिंह खनका का निधन

**देहरादून,** (हि.स.)। पिथौरागढ़ जनपद मुख्यालय के निकट ग्यारह देवी गांव में पूर्व सैनिक गोविंद सिंह खनका का हृदय गति रूकने से निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। खनका ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाई और अति दुर्गम क्षेत्रों जैसे लेह, पंजाब, नॉर्थ ईस्ट असम, तथा जम्मू-कश्मीर में सेवा दी। उनके मिलनसार स्वभाव और सामाजिक गतिविधियों



में सक्रिय योगदान के कारण पूर्व सैनिकों और आम जनता में शोक की लहर फैल गई।

**सैन्य योगदान और विशेष योग्यता :** गोविंद सिंह खनका सन 1949 में जन्मे और 1970 में भारतीय सेना की आर्मी सप्लाई कोर में चयनित हुए। उन्हें सेना की हैवी व्हीकल संचालन में महारत हासिल थी और 'सेना का हीरो' कहा जाता था। 1985 में सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्होंने जनपद सेना मुख्यालय के साथ कार्य करते हुए हैवी व्हीकल संचालन में योगदान जारी रखा। हर सैन्य कार्य में उनकी सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता सराहनीय थी।

**अंतिम विदाई और श्रद्धांजलि** खनका की अंतिम यात्रा में पूर्व सैनिक संगठन ने तिरंगा समर्पित किया और पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी। कैप्टन उमेश फुलेरा, कैप्टन सुंदर सिंह खड़ायत सहित अन्य वरिष्ठ पूर्व सैनिकों ने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। जनमानस और पूर्व सैनिकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत सैनिक को याद किया।

### कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**नई दिल्ली,** (हि.स)। कांग्रेस पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण (6 नवंबर) के लिए 18 जिलों की 121 सीटों पर प्रचार करने वाले 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। अन्य प्रमुख नेताओं में के.सी. वेणुगोपाल, अशोक गहलोत,




भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, मीरा कुमार, सचिन पायलट, रणदीप सुरजेवाला और तारिक अनवर शामिल हैं। बिहार के वरिष्ठ और युवा नेताओं जैसे कन्हैया कुमार, पप्पू यादव और जिग्नेश मेवाणी को भी प्रचारक के रूप में नामित किया गया है।

## भारत और आसियान देशों ने सतत पर्यटन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई

**कुआलालंपुर,** (हि.स.)।

**» रोजगार सृजन, स्थानीय भागीदारी और डिजिटल तकनीक के उपयोग से पर्यटन प्रबंधन को सशक्त किया जाएगा।**

--------------------

**» वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।**

--------------------

भारत और आसियान देशों ने 22वें शिखर सम्मेलन में हरित, नीली और परिपत्र अर्थव्यवस्था पर आधारित सतत पर्यटन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को प्राथमिकता देना है।

**साझा परियोजनाएं और नवाचार पर जोर :** संयुक्त बयान में 'रिड्यूस, रीयूज़ और रीसायकल' के सिद्धांतों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग तथा जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही गई। भारत और आसियान के बीच सूचना साझाकरण व क्षमता निर्माण को सशक्त करने का निर्णय हुआ।

**आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी को नई दिशा :** पर्यटन से रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया गया। साथ ही वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई।

## कुरनूल बस हादसा : 19 शवों का डीएनए परीक्षण पूरा

**कुरनूल,** (हि.स.)। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में हुए भीषण बस हादसे में मारे गए 19 शवों की डीएनए जांच प्रक्रिया रविवार को पूरी हो गई। फोरेंसिक विभाग, कुरनूल मेडिकल कॉलेज ने 17 शवों की रिपोर्ट जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत पाटिल को सौंप दी है, जबकि दो रिपोर्टें अभी लंबित हैं।

**परिजनों को सौंपे जा रहे शव** डीएनए रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने शवों को परिजनों को



सौंपने की तैयारी तेज कर दी है। अब तक 14 शव कुरनूल सरकारी अस्पताल पहुँचाए जा चुके हैं। बिहार के अरगा निवासी एक मृतक का अंतिम संस्कार कुरनूल के जोहरापुरम श्मशान घाट में किया गया, क्योंकि शव को बिहार ले जाने में समय अधिक लगता।

**जांच में ड्राइवर नशे में नहीं था**

एसपी विक्रांत पाटिल ने बताया कि दुर्घटना के समय बस चालक नशे में नहीं था। मृतकों के परिजनों को सरकारी गेस्ट हाउस में ठहराया गया है और सभी शवों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है।

# पटना जिले में छठ महापर्व की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया विस्तृत निरीक्षण

**पटना,** (हि.स.)। । जिलाधिकारी, पटना द्वारा आज छठ महापर्व, 2025 की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पर्व के दौरान छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित और सुविधाजनक हों।

**प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्थाएं** घाटों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने के साथ ही कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ भीड़-प्रबंधन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

**यातायात और आपात स्थिति प्रबंधन** : जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों को मार्ग संकेत, पार्किंग व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक मानकों का पालन करने और किसी भी दुर्घटना से बचाव हेतु तत्पर रहने को कहा।

**प्रशासनिक मानकों के अनुरूप समन्वय** : जिलाधिकारी ने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि पर्व के दौरान सभी प्रबंधन और प्रशासनिक कार्य मानकों के अनुरूप हों। सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश और भीड़ नियंत्रण के सभी उपाय समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से लागू किए जाएं ताकि श्रद्धालु अपने पर्व का अनुभव सुरक्षित एवं संतोषजनक ढंग से कर सकें। इस निरीक्षण में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि छठ महापर्व के दौरान पटना जिले में किसी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें।



**शौचालय और पेयजल की पूरी व्यवस्था** : जिलाधिकारी ने प्रत्येक घाट पर पर्याप्त संख्या में शौचालय और पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही छठव्रतियों के लिए चेंजिंग रूम भी व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल आपूर्ति निरंतर बनी रहे और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## पटना जिला प्रशासन ने छठ महापर्व, 2025 के लिए विशेष डिजिटल सुविधा का शुभारंभ किया

**पटना,** छठ महापर्व, 2025 के अवसर पर जिले में श्रद्धालुओं और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी, पटना एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना ने जिला प्रशासन द्वारा निर्मित वेबसाइट chhathpujapatna.in और Android मोबाइल ऐप "Chhath Puja Patna" का लोकार्पण किया। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सहज अनुभव प्रदान करना है।

**. ऐप डाउनलोड और उपयोग**



**मोबाइल ऐप को** : chhathpujapatna.in वेबसाइट या Google Play Store से डाउनलोड किया जा सकता है। इससे श्रद्धालु अपने स्मार्टफोन पर घाटों, पार्किंग और अन्य प्रशासनिक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने कहा कि यह पहल छठ महापर्व के आयोजन को दुर्घटना-मुक्त और व्यवस्थित बनाने में सहायक होगी। इस डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से पटना जिले में छठ महापर्व के दौरान सभी श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और सुरक्षित अनुभव प्राप्त होगा।

**प्रमुख सुविधाएँ और जानकारी**
वेबसाइट और ऐप पर घाटों से जुड़ी विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इसमें घाटों और पार्किंग स्थलों की सूची, GPS नेविगेशन सुविधा, खतरनाक या अनुपयोगी घाटों की जानकारी, तालाबों की सूची, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और अधिकारियों के संपर्क नंबर शामिल हैं। इसके अलावा, उपयोगकर्ता शिकायत और सुझाव भी ऐप के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद को 2005 से पहले के आतंक और भ्रष्टाचार की दिलाई याद

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट के जरिए उन्होंने बिहार में 1990 से 2005 तक की सरकारों पर अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया।नीतीश कुमार ने अपने पोस्ट में लिखा, "2005 से पहले का दौर आप सबको याद होगा, जब बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम



पर था। हर तरफ अराजकता का माहौल था। शाम 6 बजे के बाद लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे। हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। राज्य में अपहरण का धंधा उद्योग का रूप ले चुका था। लोग डर के साए में जीने को मजबूर थे।"मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दौर में सत्ता में बैठे लोगों से अपराधियों को संरक्षण मिलता था। शासन और प्रशासन पंगु हो चुके थे और बिहारी कहलाना अपमान की बात बन गई थी। 2005 में जब उनकी सरकार बनी, तब उन्होंने विधि-व्यवस्था सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

उन्होंने लिखा, " हमारी सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। आज राज्य में किसी प्रकार का डर या भय नहीं है। अब बिहार में प्रेम, भाईचारे और शांति का माहौल है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट में बताया कि 2005 से पहले बिहार में पुलिस के पास न गाड़ियां थीं, न आधुनिक हथियार। तब राज्य में मात्र 817 थाने थे, जिन्हें बढ़ाकर अब 1380 से अधिक कर दिया गया है। पुलिस को आधुनिक वाहन, हथियार और भवन दिए गए। सिपाही और पुलिस पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में बहाली की गई। 2005 में बिहार पुलिस में सिर्फ 42,481 पुलिसकर्मी थे, जो अब बढ़कर 1.25 लाख से भी ज्यादा हो गए हैं। सरकार ने हाल ही में पुलिस बल की संख्या 2.29 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है।

नीतीश कुमार ने बताया कि 2013 से पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महिला सिपाहियों की बड़ी संख्या में नियुक्ति की गई और 'आदिवासी महिला स्वाभिमान बटालियन' का गठन किया गया। आज बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सबसे अधिक है।

मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट के माध्यम से कहा कि राज्य की जनता ने तय किया कि अब उसे अराजक नहीं, तरक्की करता हुआ बिहार चाहिए। आज बिहार में न्याय के साथ विकास हो रहा है। युवाओं को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। बहन-बेटियों के उत्थान के लिए नए-नए काम हो रहे हैं। अब बिहारी कहलाना सम्मान की बात है।

## वक्फ अधिनियम पर राजनीतिक बयानबाजी

**पटना,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने अपना घोषणापत्र 'परिवर्तन संकल्प पत्र' जारी किया। पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कार्यान्वयन को लेकर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएगी। भट्टाचार्य ने बताया कि इंडिया गठबंधन के घटक के रूप में सत्ता में आने पर उनकी सरकार इस अधिनियम के प्रभाव और समुदाय हितों पर पड़ने वाले प्रभावों का गंभीरता से मूल्यांकन करेगी। उन्होंने अल्पसंख्यक अधिकारों की सुरक्षा, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, और सच्चर समिति की सिफारिशों के पालन को घोषणापत्र की प्रमुख प्रतिबद्धताओं में शामिल किया। इसके अलावा, हाल के कानूनों और नीतियों पर समीक्षा करने और सामाजिक सामंजस्य बनाए रखने की बात भी संकल्प पत्र में की गई है। पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि सभी कदम चुनावी आचार संहिता और कानूनी ढांचे के अनुसार उठाए जाएंगे।

## पटना में विशालकाय महा-रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता

**पटना,** (हि.स.)।

**छह दिनों के रिकॉर्ड समय में जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और आम जनता के सहयोग से तैयार।**

--------------------

**पर्यावरण के अनुकूल रंग और सामग्री—चूना, मोरम मिट्टी और गुलाल का उपयोग।**

--------------------

**SVEEP अभियान के तहत मतदाता जागरूकता बढ़ाने हेतु 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे अनावरण।**

--------------------

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना के निदेश पर सम्पूर्ण जिला में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पटना के गाँधी मैदान में एक आकर्षक, विशालकाय एवं संदेशदायक महारंगोली का निर्माण कर पटना जिला के लगभग 49 लाख निर्वाचकों को 6 नवम्बर को वोट डालने के लिए अभिप्रेरित किया जा रहा है।





**महारंगोली की विशेषताएँ:**
1. लंबाई 243 मीटर तथा चौड़ाई 170 मीटर
2. गांधी मैदान, पटना में गेट संख्या 7 से गेट संख्या 10 तक निर्माणाधीन
3. क्षेत्रफल 41,310 वर्ग मीटर अर्थात् 4.4 लाख वर्ग फुट
4. परिप्रेक्ष्य में कहें तो यह क्षेत्र करीब साढ़े पाँच फुटबाल मैदान से भी बड़ा है।
5. छह (6) दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा होगा।
6. जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और आम जनता के योगदान से यह बनाया जा रहा है।
7. पर्यावरण के अनुकूल डिज़ाइन और रंगों से तैयार किया जा रहा; चूना, मोरम मिट्टी और गुलाल का उपयोग।
8. हमारे राज्य बिहार और संपूर्ण भारत में SVEEP अभियान के तहत मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने वाले पहले कार्यक्रमों में से एक।
9. अनावरण की तिथि और समयः 28 अक्टूबर, शाम 4 बजे।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : संवेदनशील बूथों पर वोटिंग एक घंटा पहले समाप्त

**पटना,** (हि.स.)।बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ संवेदनशील मतदान केंद्रों पर मतदान का समय एक घंटा कम कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्थानीय व्यवस्थाओं और सुरक्षा कारणों के आधार पर यह संशोधन किया है। सामान्य रूप से अधिकांश क्षेत्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होता है, लेकिन संवेदनशील बूथों पर यह सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक सीमित रहेगा। पहले चरण के सिमरी बख्तियारपुर और महिषी



के सभी मतदान केंद्र, तथा सूर्यगढ़ा के 56 मतदान केंद्र भी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुलेंगे। सूर्यगढ़ा के अन्य केंद्र शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। दूसरे चरण में चैनपुर, रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई के सभी मतदान केंद्र शाम 5 बजे ही बंद होंगे। इसके अलावा कुछ अन्य क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर भी यही नियम लागू होगा। संवेदनशील बूथों की संख्या और स्थानों में कटोरिया (121), बेलहर (140), चेनारी (62), गोह (25), नवीनगर (26), कुटुंबा (169), औरंगाबाद (57), रफीगंज (125), गुरुआ (12), शेरघाटी (48), इमामगंज (361), बाराचट्टी (36) और बोधगया (20) शामिल हैं। लगभग 1,300 बूथ इस नियम के अंतर्गत आते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सुरक्षा और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक था।

## पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित प्रतिनिधियों का भत्ता दोगुना किया जाएगा : तेजस्वी यादव

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव लगातार नए-नए वादों के साथ जनता के बीच पहुंच रहे हैं। रविवार को उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं।

तेजस्वी यादव ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर बिहार में 'आईएनडीआईए गठबंधन' की सरकार बनती है, तो पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित प्रतिनिधियों का भत्ता दोगुना किया जाएगा। साथ ही



उन्हें 50 लाख रुपये का बीमा कवर और पेंशन सुविधा भी दी जाएगी।

तेजस्वी यादव ने कहा, " हम पंचायती राज संस्थाओं को मज़बूत बनाना चाहते हैं, क्योंकि गांवों की असली ताकत इन्हीं प्रतिनिधियों में है।" तेजस्वी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डीलरों को भी राहत दी जाएगी। उन्होंने कहा, "हम डीलरों का मार्जिन मनी प्रति क्विंटल के हिसाब से बढ़ाएंगे, ताकि वे बिना आर्थिक दबाव के जनता को सही ढंग से सेवा दे सकें।"


इसके साथ ही, तेजस्वी यादव ने परंपरागत व्यवसायों से जुड़े समुदायों-जैसे नाई, कुम्हार और बढ़ई को राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने पर पांच लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण देने की बात कही। उनका कहना था कि छोटे कारीगर और परंपरागत पेशेवर बिहार की आत्मा हैं, उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत करना हमारी प्राथमिकता होगी।

इससे पहले भी तेजस्वी यादव ने 'जीविका दीदियों' को लेकर कई घोषणाएं की थीं। उन्होंने कहा था कि राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए ब्याज-मुक्त ऋण, न्यूनतम मानदेय में वृद्धि और स्थायी आय स्रोत सुनिश्चित करने वाली योजनाएं शुरू की जाएंगी। तेजस्वी ने संविदा कर्मियों (कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों) के मुद्दे पर भी कहा था कि अगर उनकी सरकार बनी तो सभी संविदा कर्मियों को स्थायी करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और उनकी सेवाओं का नियमितीकरण तथा वेतनमान की समीक्षा की जाएगी

## बिहार : जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में 11 नेताओं को किया निष्कासित

**पटना,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव की गतिविधियों के बीच सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने उन 11 नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है, जिन पर संगठन विरोधी गतिविधियों का आरोप था। इनमें कई पूर्व मंत्री, विधायक और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हैं।

जदयू के प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी (स्थापना) चंदन कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि


बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाईटेड)

विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ नेताओं पर निर्दलीय या विपक्षी उम्मीदवारों के समर्थन का आरोप था। पार्टी ने जांच के बाद यह कार्रवाई की है।

पार्टी ने पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद, पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, पूर्व विधान पार्षद रणविजय सिंह, पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार, अमर कुमार सिंह, सोहबपुर कमाल, बेगूसराय, डॉ. आसमा परवीन, महुआ, वैशाली, लब कुमार, नवीनगर, औरंगाबाद, आशा सुमन, कदवा, कटिहार, दिव्यांशु भारद्वाज, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण और विवेक शुक्ला, जीरादेई, सीवान को निष्कासित किया है।

# लोक आस्था का महापर्व : छठ व्रतियों का खरना सम्पन्न, भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य आज

## खरना सम्पन्न होने के साथ हीं छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास हुआ शुरू ,छठ घाटों पर सभी तैयारियां पूरी ,





**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-----------------------------

रविवार को दिन भर के उपवास के बाद देर शाम को पूजा और खरना के साथ छठ व्रतियों का निर्जला उपवास आरंभ हो गया. महापर्व को लेकर हर तरफ उत्साह चरम पर देखने को मिला. व्रती महिला दिन भर खरना की तैयारी में जुटी रही. चावल चुनने से लेकर मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी से खरना का खीर व रोटी बनाने की तैयारी चलती रही .शाम में पूजा और खरना के बाद व्रतियों का निर्जला उपवास आरंभ हो गया.आज सोमवार को छठ व्रती नदी, तालाब, पोखर व नहर के कछार पर दीप जला कर भगवान भाष्कर को पहला अर्घ्य समर्पित करेंगी. छठ पर्व को लेकर घाटों को सजाने-संवारने का कार्य पूरा हो चुका है. सतर्कता और सुरक्षा को लेकर वाच टावर तथा सीसीटीवी कैमरा घाटों पर लगाये गये हैं. वहीं दूसरी तरफ बाजारों में भी छठ पूर्व अंतिम खरीदारी के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ती



रही. वातावरण में ' रूनकी-झुनकी बेटी मांगिला... पढल... पंडितवा दामाद... उग हो... सूरज देव अरग के बेर.... ' जैसे छठ के गीत माहौल को भक्तिमय बना हुआ हैं. सोमवार यानि आज अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को पहला अर्घ्य समर्पित किया जायेगा. और देर शाम घरों में छठी माता का पूजन कोशी कलस के साथ होगा जिसके बाद डाला छठ घाट को लेकर छठ ब्रती गतिमान होगे और मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ के बाद चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा .

**घाटों की सफाई पूरी, सजावट का दौर जारी**

आस्था का महापर्व छठ को लेकर शहर के सभी घाटों की साफ-सफाई लगभग पूरी हो चुकी है. छठ घाटों पर बिजली की रोशनी एवं साजो-सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है. कुछ प्रमुख घाटों पर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा को लेकर वाच टावर एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है. आज छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य समर्पित करेंगी. छठ घाटों पर छठ व्रतियों के साथ आस्था परवान चढ़ेगा और जनसैलाब भी उमड़ेगा. लोक आस्था के महापर्व पर सुरक्षा-व्यवस्था और छठ व्रतियों के सुविधा और सुरक्षा को लेकर एक तरफ जहां स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाएं तैयारियों में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है.

**सज गये छठ घाट ,अब छठ ब्रतियों का इंतजार.**

शहर के छठ घाट सज धज के तैयार है बल्कि अंतिम सज्जो सज्जा को अंतिम टच दिया जा रहा है .शहर के पक्की तालाब ,सौरा नदी ,कलाभवन , खुशकीबाग , ततमा टोली छठ घाट ,गुलाबबाग नहर घाट इत्यादि को साफ सफाई के बाद घाट को सजाने सवारने का काम अंतिम चरण में है वही आज घाटों पर छठ ब्रतियों के आगमन का इंतजार है .छठ घाट पर बिधि व्यवस्था को लेकर प्रशाशनिक और सामाजिक संस्थाओ के द्वारा अलग अलग सुरक्षा और सुबिधा का इंतजाम किया गया है .

**जिला प्रशासन मुस्तैद, सुरक्षा, सड़क सम्पर्क, स्वच्छता और रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था पर फोकस**

इस बार छठ पर्व कों लेकर जिला प्रशासन चुनावी तैयारी की व्यस्तता के बीच भी लगातार छठ घाटों पर पर्व कों शांतिपूर्ण सुरक्षित और सुदृढ़ व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराने में जुटा है ! जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार और पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत लगातार छठ घाटों की व्यवस्था सुरक्षा और तैयारियों का जायजा ले रहें है ! वही जिला प्रशासन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में नगर निगम नगर परिषद नगर पंचायत के साथ ग्रामीण इलाकों में भी सभी व्यवस्थाएं छठ घाटोंबपार सुनिश्चित की जा रही है !

### अंतिम खरीदारी को बाजारों में उमड़ी भीड़



रविवार को भी शहर के बाजारों में भीड़ देर शाम तक उमड़ी. छठ पर्व से पूर्व अंतिम खरीदारी करने वालों ने फल, नारियल, डाब, सूप आदि की खरीदारी कर छठ पूजा की अंतिम तैयारी भी पूरी कर ली है. हालांकि महंगाई का असर सामानों पर कुछ खास नही दिखा, लेकिन आस्था के आगे कुछेक समानो की बढ़ी महंगाई हारती नजर आयी. बीते वर्ष की तुलना में लगभग सभी सामानों के दामों समानता नहीं दिखी , सबसे अधिक तेजी फल और नारियल में देखी गयी. इस वर्ष नारियल 50 रूपये के जगह 80 से 100 रूपये जोड़ी बिका. वहीं शकरकंद भी आसमान छूता रहा. जबकि सेब और संतरा की कीमत में भी उछाल दिखा .

### अंतिम खरीदारी की झलक







# विधायक विजय खेमका ने किया जनसंवाद और विकास पर केंद्रित जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---------------------------

62-पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्यासी विजय खेमका ने जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार कों मधुबनी नगर निगम अंतर्गत विभिन्न टोलों में स्थानीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा मंदिर परिसर से हुई, जो राजेंद्र नगर शिवाला चौक, पासवान टोला, धोबिया टोला, मिस्त्री टोला, महर्षि मेंही नगर, महलदार टोला, मेहता टोला और बिंद टोला सहित कई इलाकों में जारी रहा।



इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं विधायक विजय खेमका ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर चर्चा की। लोगों ने अपनी आवश्यकताओं व सुझावों को साझा किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विकास, सुशासन और जनसेवा ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है।

कार्यक्रम में अजीत कुमार सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, सम्राट पंकज सिंह, मुकेश सिंह, मोहन मिश्रा, भोला साह, रूपेश सिंह, अवधेश सिंह, राजीव सिंह, सुदर्शन मिश्रा, चंदन सिंह, किशोर केसरी, विनोद सिंह, उदय राय, राजेश केसरी, मनीष सिंह, कमलेश्वरी मेहता, योगेंद्र मेहता, शाहिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छठ पूजा पर ग्रीन पूर्णिया द्वारा दूध वितरण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-----------------------------

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर ग्रीन पूर्णिया के सदस्यों ने रविवार को पूर्णिया सिटी स्थित काली मंदिर सौरा नदी घाट पर छठ व्रतियों के बीच दूध का वितरण किया। संगठन के सदस्यों ने “खरना” के दिन एक विशेष अभियान चलाकर व्रतियों को दूध के पैकेट प्रदान किए, ताकि वे पूजा की तैयारी सुचारू रूप से कर सकें।




ग्रीन पूर्णिया की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाजसेवा व पर्यावरण जागरूकता के साथ जनहित का कार्य बताया। संगठन ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# भास्कर महोत्सव : कला भवन में आस्था, कला और संस्कृति का दिखेगा अद्भुत संगम

**27 अक्टूबर को अपराह्न 3 :30 बजे कला भवन, पूर्णिया में संपन्न होगा**



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-----------------------------

छठ पर्व की पावन बेला पर जिला प्रशासन पूर्णिया तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से आयोजित भास्कर महोत्सव 2025 एक अनोखा सांस्कृतिक उत्सव बनने जा रहा है। यह आयोजन 27 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 3:30 बजे कला भवन, पूर्णिया में संपन्न होगा।

छठ पर्व, जो सूर्य उपासना और मातृशक्ति की अटूट आस्था का प्रतीक है, उसी भावना को सजीव करने के उद्देश्य से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा छठ गीतों की मधुर प्रस्तुति, लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झंकार गूंजेगी। लगभग एक दर्जन से अधिक कलाकार अपनी कला के माध्यम से बिहार की लोकसंस्कृति और भक्ति की भावना को प्रकट करेंगे।

कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता का संदेश भी कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया. जाएगा, जिससे आस्था के साथ-साथ नागरिक जिम्मेदारी का भाव भी सुदृढ़ हो।

भास्कर महोत्सव 2025 न केवल छठ पूजा की पवित्रता का उत्सव होगा, बल्कि यह पूर्णिया की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी एक नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# वीवीसीपी-वीवीआरससिंक्रोप्रोग्रामने IOQM-2025 मेंरचा इतिहास, अनुराग और आर्यन देश के शीर्ष 10% में शामिल

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---------------------------

विद्या विहार करियर प्लस (VVCP) और विद्या विहार रेज़िडेंशियल स्कूल (VVRs) के सिंक्रो प्रोग्राम ने IOQM-2025 में अपनी अकादमिक श्रेष्ठता साबित की है। संस्थान के दो प्रतिभाशाली छात्रों — अनुराग शंकर (BRM001002) और आर्यन राज (BRM001009) — ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए भारत के शीर्ष 10% छात्रों में जगह बनाई और अगली प्रतिष्ठित परीक्षा RMO-2025 के लिए क्वालिफाई किया।

**IOQM और RMO की प्रतिष्ठा :**

IOQM और RMO देश की सबसे प्रतिष्ठित गणितीय प्रतियोगिताओं में से हैं। इनका आयोजन मैथेमेटिक्स टीचर्स



अनुराग शंकर



आर्यन राज

एसोसिएशन ऑफ इंडिया, होमीभाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च द्वारा किया जाता है। ये प्रतियोगिताएँ छात्रों की गणितीय प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित करने का मार्ग भी प्रदान करती हैं।

**सिंक्रो प्रोग्राम का योगदान :**

VVCP और VVRs का सिंक्रो प्रोग्राम छात्रों को बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षा दोनों में संतुलित तैयारी का अवसर देता है। यह अभिनव शैक्षणिक मॉडल छात्रों के व्यक्तिगत और अकादमिक विकास में सहायक साबित होता है। अनुराग और आर्यन की सफलता इस मॉडल की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

**नेतृत्व और फैकल्टी की प्रतिक्रिया :**

**राजेश मिश्रा (सचिव, VVRs) ने कहा --**

“सिंक्रो प्रोग्राम ने छात्रों को बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षा में संतुलित प्रदर्शन का अवसर दिया। यह अभिनव मॉडल हमारी सफलता की दिशा तय करता है।”

**प्रशांत शंकर (निदेशक, VVCP)ने कहा ----**

“यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और फैकल्टी की सतत निष्ठा का परिणाम है। VVCP सदैव छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।”

**निखिल रंजन (प्राचार्य, VVCP) ने कहा ---**

“अनुराग और आर्यन ने सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।”

**आर. के. पॉल (निदेशक, VVRs)ने कहा --**“द्वितीय सूची आने के बाद हमें विश्वास है कि और भी छात्र इस गौरवशाली सूची में शामिल होंगे।”

**अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई**

VVCP परिवार अपने प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों और पूरे सिंक्रो टीम को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है। यह सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है और आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की नई प्रेरणा देती रहेगी।

# कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 6 नवंबर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत अर्हता तिथि 1 नवम्बर 2025 तय की गई है। इस संबंध में समाहरणालय, पूर्णिया (जिला निर्वाचन कार्यालय) द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

कार्यक्रम के अनुसार, निर्वाचक सूची से संबंधित सार्वजनिक सूचना 30 सितम्बर 2025 को जारी की गई थी। इसके बाद 15 अक्टूबर और 25 अक्टूबर 2025 को समाचार पत्रों में पुनः प्रकाशन किया गया। पात्र आवेदक प्रपत्र-18 में आवेदन पत्र 6 नवम्बर 2025 (गुरुवार) तक जमा कर सकते हैं।

निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन 25 नवम्बर 2025 को होगा, जबकि दावे और आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक तय की गई है। इसके बाद अंतिम निर्वाचक सूची का प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा।

**कौन कर सकता है आवेदन**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए दो शर्तें पूरी करनी होंगी –

**» वह व्यक्ति अर्हता तिथि 1 नवम्बर 2025 से कम-से-कम तीन वर्ष पहले भारत के किसी विश्वविद्यालय से स्नातक हो या समकक्ष योग्यता रखता हो।**

**» वह संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो।**

**कहाँ करें आवेदन**

पूर्णिया जिले के अंतर्गत आने वाले सभी स्नातक मतदाता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (AERO) के कार्यालयों में प्रपत्र-18 में आवेदन कर सकते हैं।

इन कार्यालयों में जिला पदाधिकारी, पूर्णिया, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर परिषद/नगर निगम के अधिकारी आदि शामिल हैं।

इसके अलावा नामांकन हेतु नामित पदाधिकारी जैसे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आदि के यहां भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

**अब तक 1,748 आवेदन प्राप्त**

जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्णिया के अनुसार अब तक कुल 1,748 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,246 आवेदन ऑनलाइन तथा 502 आवेदन ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं।



**-: मुख्य तिथियाँ एक नजर में :-**

» गतिविधि तिथि सार्वजनिक सूचना जारी30 सितम्बर 2025
» समाचार पत्र में प्रथम पुनर्प्रकाशन15 अक्टूबर 2025
» समाचार पत्र में द्वितीय पुनर्प्रकाशन25 अक्टूबर 2025
» आवेदन की अंतिम तिथि (Form-18)6 नवम्बर 2025
» प्रारूप निर्वाचक सूची प्रकाशन25 नवम्बर 2025
» दावे/आपत्तियों की अवधि25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025
» अंतिम निर्वाचक सूची प्रकाशन30 दिसम्बर 2025



**डीएम पूर्णिया की अपील**

**जिला पदाधिकारी, पूर्णिया ने सभी पात्र स्नातकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना नाम कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची में अवश्य दर्ज कराएं। आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यमों से 6 नवम्बर 2025 तक संबंधित कार्यालयों में जमा किया जा सकता है।**

# चाँदी कठुआ में कुशवाहा समाज की बैठक में विकास व सामाजिक एकता पर जोर,

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड अंतर्गत चांदी कठुआ पंचायत में रविवार को कुशवाहा समाज की एक व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज के प्रबुद्धजन, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, स्थानीय कार्यकर्ता और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य समाज में आपसी एकता, संगठनात्मक मजबूती और विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। वक्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।



बैठक में उपस्थित विजय खेमका (विधायक, पूर्णिया) ने कहा कि समाज की एकजुटता ही क्षेत्र की प्रगति की कुंजी है। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क और संवाद से विकास की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

बैठक में मंडल अध्यक्ष पानो देवी, शक्ति केंद्र प्रमुख विनोद मेहता, मंडल महामंत्री बिरेन्द्र सिंह, भैरव मेहता, राजकुमार मेहता, गुड्डू मेहता, अचिन मेहता, गोपाल सिंह, सुकेश पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समाज के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि समाज में पारस्परिक सहयोग और विकास की भावना को आगे बढ़ाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

# वार्ड संख्या 43 में सामूहिक रूप से सुना गया पीएम मोदी की 'मन की बात'



**न्यूज स्केल हरदा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें एपिसोड को सदर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 43, माधोपारा बंगाली टोला स्थित बूथ नं. 215 के दुकान परिसर में सामूहिक रूप से सुना गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा आईटी सेल के जिला सह संयोजक बोबी दास के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने छठ पर्व की भव्यता, आस्था और संस्कृति के अद्भुत संगम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देशभर में श्रद्धा और समर्पण का वातावरण व्याप्त है। गली-गली और घाट-घाट पर भक्ति, अपनापन और परंपरा का सुंदर संगम दिखाई दे रहा है। छठ व्रत रखने वाली मातृशक्ति का समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि जीएसटी बचत उत्सव को लेकर देशभर में उत्साह देखा जा रहा है। इस त्योहारी माहौल में स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की एकता का प्रतीक : जिला मंत्री नूतन गुप्ता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**भाजपा जिला मंत्री ने होने समर्थकों एवं परिजनों के साथ सुना पीएम की मन की बात**

भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने रविवार को अपने परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस संवाद कार्यक्रम से हर बार देश के विकास, संस्कृति और समाज से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलती हैं।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने छठ महापर्व को भारतीय संस्कृति, प्रकृति और समाज के एकत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता और सामूहिकता का संदेश देता है।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि होने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली के बाद अब देशभर में लोग छठ महापर्व मनाने की तैयारी कर रहे हैं। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है — जो भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि चाहे वे देश में हों या विदेश में, छठ महापर्व का हिस्सा बनकर इसकी अनुभूति अवश्य करें।

पीएम मोदी ने छठी मैया को नमन करते हुए विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पवित्रता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है और समाज में जन-जागरूकता बढ़ाने वाला पर्व है।




फोटो : भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते हुए

श्रीमती नूतन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले भी त्योहारों के अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और आत्मनिर्भर भारत के संदेश पर जोर दिया था। इस बार के कार्यक्रम में उन्होंने छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर नगर निगम की अनोखी पहल 'गार्बेज कैफे' की सराहना की, जहाँ प्लास्टिक देने पर भोजन या नाश्ता दिया जाता है — एक किलो प्लास्टिक पर खाना और आधा किलो पर नाश्ता।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रेरणादायी संदेश को उत्साहपूर्वक सुना और छठ महापर्व के अवसर पर समाज में एकता और स्वच्छता का संकल्प लिया।

# अभियान :बैसा आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाताओं को किया गया जागरूक

**न्यूज स्केल बैसा**

जिला पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी-सह- नोडल पदाधिकारी, कोषांग, पूर्णिया के निर्देशानुसार बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के निमित LOW VTR मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत में सुधार लाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अमौर विधान सभा - 56 में बैसा प्रखण्ड के विभिन्न मतदान बुथों के अन्तर्गत ऑगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आमजनों एवं नये मतदाताओं को वोट के अधिकार के संबंध में तथा वोट डालना कितना जरूरी है। इससे संबंधित जागरूकता रैली/संध्याकालीन चौपाल/ दिवार लेखन /प्रभार फेरी एवं रैली/ डोर टू डोर भ्रमण /चुनावी पाठशाला/इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिसमें बुथ संख्याः- 332, 243, 318,319,330, 241, 328, 253 323, 286, 200, 207,208,307, पर गतिविधियाँ कराई जा रही हैं। ताकि LOW VTR मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत में सुधार लाया जा सके।



# रूपौली में छठ महापर्व की धूम,यह छठ घाटों पर दिखता है गंगा-जमुना तहजीब का मिसाल

**न्यूज स्केल रूपौली**

चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की धूम शनिवार को "नहाए-खाए" के साथ प्रारंभ हो गई। व्रती बड़ी ही नेम और निष्ठा के साथ कद्दू-भात का सेवन कर इस पावन पर्व की शुरुआत कर रहे हैं।

रूपौली विधानसभा क्षेत्र स्थित काली मंदिर परिसर में हर साल की तरह इस बार भी छठ पूजा और दीपावली के अवसर पर विशाल मेला सजा है। मेले में छठ पूजा की सभी पूजन सामग्री उपलब्ध हैं और व्रती बड़ी श्रद्धा के साथ खरीददारी में जुटे दिखाई दिए।



दिलचस्प बात यह है कि इस मेले में छठ पूजा की सामग्री बेचने वाले सभी दुकानदार अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। यह पहल गंगा-जमुना तहजीब का प्रतीक बनकर हर साल इस पर्व के अवसर पर एक नई मिसाल पेश करती है।

दुकानदारों का कहना है कि वर्षों से वे श्रद्धा और निष्ठा के साथ इस मेले में छठ पूजा की सामग्री बेचते आ रहे हैं और हर साल सामग्री की पूरी बिक्री हो जाती है।

मेले में छठ पूजा के लिए बेची जा रही सुप की कीमत लगभग 200 रुपये और डाला की कीमत 100 रुपये रखी गई थी। व्रतियों ने कहा कि चाहे महंगाई कितनी भी बढ़ जाए, उनकी पूजा और श्रद्धा पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। वे बड़े ही निष्ठा और श्रद्धा के साथ व्रत करते हैं और इस पावन पर्व को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं।रूपौली का यह मेला न केवल धार्मिक उत्सव का केंद्र है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। विभिन्न समुदायों के लोगों के मिल-जुल कर इस मेले को सजाना और संचालन करना गंगा-जमुना तहजीब का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# बायसी थाना पुलिस की कार्रवाई में अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल बायसी**

बायसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की। पुलिस ने मौके से कुल 2.5 लीटर देशी और 7.5 लीटर विदेशी शराब जप्त की है। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान हीरालाल यादव (उम्र 25 वर्ष), पिता रामेश्वर यादव, निवासी ग्वालगांव, थाना बायसी, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अवैध शराब की खरीद-बिक्री में संलिप्त था। बायसी थाना पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# भीड़ की परेशानी से बचें : छठ पर्व पर पूर्णिया यातायात पुलिस की रूट चार्ट का रखें ध्यान,

## पर्व के दौरान सुरक्षित यातायात एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष दिशा निर्देश किया गया जारी

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

पूर्णिया पुलिस ने छठ पर्व के संध्या अर्घ्य (27 अक्टूबर) और प्रातः अर्घ्य (28 अक्टूबर) को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात योजना लागू की है। पुलिस ने भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध और घाट क्षेत्रों में पार्किंग व डायवर्जन की व्यवस्था का विस्तृत विवरण जारी किया है।

**यातायात नियंत्रण और डायवर्जन**

भीड़ और वाहनों के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने निम्न स्थानों पर डायवर्जन और नो-एंट्री गेट लगाए हैं:

1-बरसौनी टोल प्लाजा मरंगा टोल प्लाजा
2-शीशाबाड़ी (जीरो माइल जंक्शन)
3-ई-होम्स ओवरब्रिज (बेलौरी रोड)
4-हरदा ओवरब्रिज पंचमुखी मंदिर के पास




### निर्धारित पार्किंग स्थल

पुलिस ने घाट क्षेत्रों के निकट 6 अस्थायी पार्किंग स्थल निर्धारित किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधाजनक पार्किंग उपलब्ध हो सके:

1-कालीबाड़ी छठ घाट: डॉ. राजेश कुमार नर्सिंग होम के समीपपार्किंग मे खड़ी करें गाड़ी
2-पंचमुखी पोखर घाट: पंचमुखी मंदिर के पीछे और सामने सड़क किनारे
3-दमका नहर घाट: दमका नहर से पहले मुख्य सड़क की सर्विस लेन
4-कला भवन: कलाभवन का कैम्पस
5-हरदा घाट: हरदा पुल के पूर्वी छोर पर खाली स्थान
6-बलदिमा छठ घाट: घाट के समीप खाली जगह

### भारी वाहनों पर प्रतिबंध




छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित मार्गों पर बड़े और भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा:

दिनांक 27 अक्टूबर (संध्या अर्घ्य): दोपहर 01:00 बजे से संध्या 07:00 बजे तक

**भारी वाहनों पर प्रतिबंध:**

छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित मार्गों पर बड़े और भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा:

दिनांक 28 अक्टूबर (प्रातः अर्घ्य): प्रातः 03:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक

### प्रतिबंधित मार्ग/क्षेत्र:

1-बरसौनी टोल प्लाजा से बायसी की ओर आने वाले बड़े वाहन
2-शीशाबाड़ी (जीरो माइल) से अररिया की ओर आने वाले बड़े वाहन
3-मरंगा टोल प्लाजा से भागलपुर/कटिहार की ओर आने वाले बड़े वाहन
4-मरंगा बाईपास से जीरो माइल की ओर आने वाले वाहन
5-बेलौरी चौक से मरंगा बाईपास की ओर आने वाले वाहन
6-कसबा से रामबाग की ओर जाने वाली सड़क

**आपातकालीन सेवाएँ**

सुरक्षित एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, पुलिस गश्ती वाहन और अन्य आवश्यक सेवाएँ प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। भीड़ नियंत्रण के दौरान इन सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आम जनता से पुलिस की अपील**

पूर्णिया पुलिस ने श्रद्धालुओं और नागरिकों से अनुरोध किया है कि:

पुलिस द्वारा बनाई गई यातायात व्यवस्था का पालन करें।
केवल निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करें।
घाट क्षेत्र में अनावश्यक वाहन प्रवेश से बचें।
हॉर्न न बजाएँ, तेज गति और ओवरटेक से बचें।

पूर्णिया पुलिस ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करना है और वे आपकी सेवा में सदैव तत्पर हैं।

**संपर्क और अपडेट**

**ईमेल:** f@purneapolice
**ट्विटर:** @purneasp
X: @purneapolice

# छठ पूजा की तैयारियाँ पूरी, महापौर ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, शांतिपूर्ण माहौल में छठ मनाने की अपील की

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया नगर निगम ने छठ पूजा को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। सोमवार की संध्या अस्ताचलगामी एवं मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अघ्यदान दिया जाएगा। रविवार को महापौर विभा कुमारी ने नगर निगम के अधिकारियों, कर्मियों, वार्ड पार्षदों और प्रतिनिधियों के साथ विद्यापति नगर हवाई अड्डा, जनता चौक बीबीगंज, पूर्णिया सिटी, आनंद नगर, मिलनपाड़ा काली मंदिर सहित विभिन्न घाटों और



छठ पोखर का निरीक्षण किया।

महापौर ने घाटों की साफ-सफाई, पहुंच मार्ग, रौशनी, लाईटिंग और तेज बहाव वाले क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लिया। व्रतियों से आशीर्वाद लेकर छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न होने का भरोसा दिलाया। महापौर ने लोगों से नदी की गहराई और तेज बहाव के कारण सावधानी बरतने की अपील की। प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में छठ मनाने को कहा।

महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को अत्यधिक गहरे और बहाव वाले स्थान चिन्हित कर तत्काल बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को सिटी सौरा नदी में 15 वर्षीय मंगल कुमार डूबने की घटना हुई थी, जिसमें महापौर मौके पर पहुंची और परिजनों को सांत्वना दी।

महापौर ने बताया कि नगर निगम की टीम दुर्गा पूजा के बाद से ही छठ की तैयारी में जुटी रही। घाटों पर सफाई, बैरिकेडिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। सौरा नदी के सिटी घाट पर विशेष सावधानी बरती जा रही है और पर्याप्त सुरक्षकर्मी तैनात हैं।

# पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में जितेंद्र यादव ने किया जनसंपर्क, एवं जन संवाद



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 62 में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान स्थानीय नेताओं और नागरिकों के बीच बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतों और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

रविवार को कप्तानपाड़ा और खुश्किबाग में आयोजित एक बैठक में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि और अन्य स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शनिवार की रात रामपुर पंचायत के दुअनिया गांव और नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 43, मेरामघाट में एक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। खेल के दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया गया और स्थानीय युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा मिला।

इसके अलावा, पूर्णिया सिटी, मियाबाजार, खर टोला स्थित कमरुल उलूम मदरसा में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों और युवाओं के साथ संवाद का अवसर मिला।

कांग्रेस प्रत्याशी ने रानीपतरा, रजिगंज, डिमिया पंचायत, मटिया, बिलरिया, दीवानगंज सहित कई गांवों में लोगों के साथ संवाद किया और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इन बैठकों में स्थानीय वार्ड पार्षद और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर, अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**न्यूज स्केल कसबा (पूर्णिया)**

छठ महापर्व को लेकर कसबा प्रखंड में तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर अंचलाधिकारी रीता कुमारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार जायसवाल, उप मुख्य पार्षद सुभाष कुमार साह, राजस्व अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कसबा के विभिन्न छठ घाटों का मुआयना करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महावीर चौक, बरेटा, गढ़बनैली, मदारघाट, दोगच्छी और शांतिनगर जैसे प्रमुख घाटों पर विशेष ध्यान दिया गया।



अंचलाधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई, सजावट, बैरिकेटिंग और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं समिति पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कसबा के हर घाट पर श्रद्धालुओं को पूरी सुरक्षा और सुविधा मिले। सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया गया है और पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे साफ-सफाई बनाए रखें और शांति के साथ पर्व मनाएं। किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अंचला अधिकारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल धमदाहा**

रविवार को धमदाहा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर साफ -सफाई कार्यों का जायजा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार ने बताया कि धमदाहा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। छठ घाटों का सफाई का कार्य चल रहा है। पूजा का मात्र एक दिन शेष रह गया है, उन्होंने बताया कि प्रत्येक छठ घाटों पर साफ -सफाई चेंजिंग रूम, यूरिनल, नियंत्रण कक्ष,प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगा।



छठव्रती को घाट तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो, इसका ख्याल रखा गया है। धमदाहा घाट,कठबजरा घाट, बघवा घाट, कालीबाग नहर घाट, महादेव घाट, लुल्हा ब्रह्म बाबा घाट,हरिणकोल घाट का निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक संदीप गोल्डी ने बताया की पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रेफिक जैसी समस्याओं के लिए पुलिस बल की काफी संख्या में रहेगा किसी प्रकार की कोई परेशानी दिक्कत न हो उसके लिए पुलिस बल पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। अंचलाधिकारी कुमार रविंद्र नाथ ठाकुर ने बताया कि लिबड़ी,दमैली धाट, धमदाहा घाट, छठ घाटों पर गोताखोर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि धमदाहा प्रखंड में सात जगहों पर गोताखोर की तैनाती की गई है।

# कटिहार मोड़ टीओपी पुलिस की कार्रवाई में 2.360 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कटिहार मोड़ टीओपी (सदर थाना) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में अवैध शराब कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 2.360 लीटर विदेशी शराब, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जप्त किया



है। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान रवि कुमार (उम्र 28 वर्ष), पिता सुरेंद्र ठाकुर, निवासी खुश्कीबाग, थाना सदर, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी शराब की अवैध बिक्री में संलिप्त था और सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित छापेमारी की। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ जारी है तथा मामले की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कसबा मे 20 लीटर स्प्रिट के साथ एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल कसबा**

कसबा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध रूप से रखी गई 20 लीटर स्प्रिट बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामदेव पासवान, , निवासी ठरहा, थाना मरंगा, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी अवैध रूप से स्प्रिट की खरीद-बिक्री में संलिप्त था। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद स्प्रिट को जप्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# भागलपुर में छठ महापर्व की तैयारियों का नाव द्वारा निरीक्षण

**न्यूज स्केल भागलपुर**

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत एवं नगर आयुक्त शुभम कुमार ने संयुक्त रूप से सबौर प्रखंड अंतर्गत राजंदीपुर से भागलपुर नगर निगम के बूढ़ानाथ तक सभी प्रमुख छठ घाटों का नाव द्वारा निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व पवित्र एवं लोक आस्था का अति महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर साफ-सफाई, स्वच्छ जल, वॉच टावर, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी।





**सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी** : जिलाधिकारी ने बताया कि खतरनाक घाटों पर बांस-बल्ला लगाई गई है तथा नाव, प्रशिक्षित गोताखोर और सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे खतरनाक या गहरे पानी वाले स्थानों पर न जाएँ और बच्चों को भी ऐसे क्षेत्रों से दूर रखें। भीड़ नियंत्रण बनाए रखने के लिए सभी से लाइन में आने और जाने का आग्रह किया गया।

**एसएसपी का सुरक्षा संदेश**

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने सभी भागलपुरवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि शहर के सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया गया है और पर्व के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने प्रत्येक घाट पर पुलिस एवं महिला पुलिस बल तैनात करने, महत्वपूर्ण घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना संप्रेषण को सुचारू बनाने की जानकारी दी।

**सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन की अपील**

एसएसपी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाएं, विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान दें और डूबने की घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी बरतें। उन्होंने अंतिम अर्घ्य के बाद देर रात तक जागने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए थकान में वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने का भी अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता श्री कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री विकास कुमार, उपनगर आयुक्त, एसडीआरएफ की टीम तथा अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## भागलपुर में छठ पर्व की तैयारियों का नाव द्वारा निरीक्षण

**न्यूज स्केल भागलपुर**

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत और नगर आयुक्त श्री शुभम कुमार ने सबौर प्रखंड से लेकर भागलपुर नगर निगम के बूढ़ानाथ तक सभी छठ घाटों का नाव द्वारा निरीक्षण किया। सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व पवित्र और लोक आस्था का महत्त्वपूर्ण पर्व है। सभी घाटों पर स्वच्छता, स्वच्छ जल, वॉच टावर, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। खतरनाक घाटों पर सुरक्षा के लिए बांस-बल्ला, नाव, गोताखोर और सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को अपील की गई कि वे खतरनाक घाट या गहरे पानी वाले स्थान पर न जाएं और बच्चों को भी सावधान रखें। प्रशासनिक दिशा-निर्देश एसएसपी श्री हृदय कांत ने बताया कि प्रत्येक घाट पर पुलिस और महिला पुलिस बल तैनात किए गए हैं, साथ ही महत्वपूर्ण घाटों पर सीसीटीवी और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं। लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना संप्रेषण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और थकान में वाहन न चलाने का अनुरोध किया। निरीक्षण में अन्य अधिकारी उपस्थित अपर समाहर्ता श्री कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री विकास कुमार, उपनगर आयुक्त, एसडीआरएफ टीम और अन्य पदाधिकारी भी निरीक्षण में मौजूद रहे।

# तेजस्वी ने सरकारी नौकरी को लेकर सरकार बनने पर बीस दिनों में कानून बनाने का किया ऐलान

**अररिया,** (हि.स.) – अररिया में दूसरे चरण का मतदान 11 अप्रैल को होना है, लेकिन जिले के छह विधानसभा क्षेत्र पहले ही चुनावी माहौल में रंगने लगे हैं। नामांकन के बाद महागठबंधन की ओर से पहली जनसभा राजद ने आयोजित की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने जोकीहाट के उदाहाट मैदान और नरपतगंज में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम और मनीष यादव के पक्ष में जनता से वोट की अपील की।

**भीड़ और सभा का दृश्य**

नेता प्रतिपक्ष के साथ वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, राजद राष्ट्रीय महासचिव सुकदेव पासवान और विधान पार्षद



कारी साहब ने भी सभा को संबोधित किया। दोनों सभाओं में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नरपतगंज हाई स्कूल के मैदान में भारी भीड़ के बावजूद महागठबंधन के नेताओं का उत्साह चरम पर दिखा।

**सरकार और कानून पर तीखे बोल** : तेजस्वी प्रसाद ने बिहार सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बीस दिनों के भीतर वह एक कानून बनाएंगे, जिसके तहत जिस परिवार में कोई सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार का एक सदस्य सरकारी नौकरी पाएगा। उन्होंने अपने 18 माह के शासनकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि इस दौरान पांच लाख लोगों को नौकरी मिली और साढ़े तीन लाख लोगों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन हुई। साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को राजकीय शिक्षक का दर्जा दिलाया गया।

**विकास और योजनाओं की बात**

तेजस्वी ने आईटी पॉलिसी और डेवलपमेंट पॉलिसी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार उनके योजनाओं की नकल कर रही है। रोजगार के लिए दिए गए दस हजार रुपये केवल लोन हैं, जिसे बैंक द्वारा वसूल किया जाएगा। उन्होंने माई बहिन योजना के तहत सरकार बनने पर 25 सौ रुपये प्रति माह, सालाना 30 हजार और पांच साल में डेढ़ लाख रुपये देने का वादा किया। इसके अलावा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा भी देने का ऐलान किया।

**एनडीए पर तंज और जनता से अपील** : तेजस्वी ने कहा कि 20 साल राज्य और 11 साल केंद्र में एनडीए की सरकार है। उन्होंने किसानों की समस्याओं का उदाहरण देते हुए कहा कि लंबे समय तक वही नीति अपनाने से नुकसान होता है। उन्होंने नरपतगंज की जनता से आह्वान किया कि वे महागठबंधन के राजद उम्मीदवार को जीत दिलाएं और अपने तेजस्वी पर भरोसा रखें।

**निर्दलीय उम्मीदवार को सम्मान और युवाओं को मौका** : तेजस्वी ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अनिल यादव से बातचीत और सम्मान देने की बात कही। उन्होंने जनता से पूछा कि नए युवा उम्मीदवार को मौका मिलना चाहिए या नहीं। तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने अकेले ही संघर्ष किया और आज भी लड़ रहे हैं। उन्होंने अनिल यादव से पार्टी में वापसी कर समर्थन देने की विनती की।

**18 माह में पांच लाख लोगों को नौकरी, साढ़े तीन लाख की प्रक्रियाधीन।**

--------------------

**माई बहिन योजना और मुफ्त बिजली का ऐलान।**

--------------------

**एनडीए पर तंज, जनता से राजद उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील।**

--------------------

**निर्दलीय अनिल यादव को सम्मान और युवाओं को मौका देने का संदेश।**

# अवैध हथियार और चोरी की छह मोटरसाइकिल बरामद



**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के मनसाही थाना पुलिस ने मीरकाहा गांव में छापामारी कर अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई थी। आरोपित मो. आरिफ के घर से 2 देशी कट्टा, 14 तलवार, 6 चोरी की मोटरसाइकिल और 1 फाईटर बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपित मो. आरिफ (30) पिता मो. इजराइल मीरकाहा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि बरामद हथियार और मोटरसाइकिल अवैध रूप से रखे गए थे। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये हथियार और मोटरसाइकिलें कहाँ से आईं और इनका उपयोग किस लिए किया जाना था। आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# फारबिसगंज में खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू, व्रतियों ने ग्रहण किया गुड़ की खीर का प्रसाद

**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.) लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान आज, रविवार को दूसरे दिन 'खरना' के साथ भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। फारबिसगंज में छठव्रतियों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद शाम को पारंपरिक रूप से खरना पूजा की।

कार्तिक शुक्ल पंचमी तिथि को मनाए जाने वाले इस महत्वपूर्ण दिन पर, व्रती महिलाओं ने पूरी शुद्धता के साथ मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार किया। सूर्यास्त के बाद छठी मैया और सूर्य देव को यह विशेष प्रसाद अर्पित किया गया।

खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का कठिन 'निर्जला' (बिना अन्न-जल) उपवास शुरू हो गया, जो मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समाप्त होगा।

फारबिसगंज के विभिन्न क्षेत्रों में खरना की तैयारी सुबह से ही शुरू हो गई थी। घरों में पूजा को लेकर



पवित्रता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। खरना के प्रसाद को सबसे पहले व्रती ने ग्रहण किया, जिसके बाद यह प्रसाद परिवार के अन्य सदस्यों और मित्रों के बीच वितरित किया गया।

छठ पूजा का तीसरा दिन कल, सोमवार को है, जब व्रती अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके लिए फारबिसगंज के सभी छठ घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। खरना संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें कल के संध्या अर्घ्य पर टिकी हैं।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन : एसएसबी जवानों ने भारत-नेपाल सीमा पर दौड़कर दिया फिटनेस का संदेश

**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)।'फिट इंडिया' अभियान को बढ़ावा देते हुए, एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी मजरख की ओर से रविवार को फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में एसएसबी के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीमा क्षेत्र में दौड़ लगाई।

**सीमा चौकी से गाँव तक दौड़े जवान** : एसएसबी के जवानों और अधिकारियों ने दौड़ की शुरुआत बाह्य सीमा चौकी कार्यालय से की। यह दौड़ भारत-नेपाल खुली सीमा के



साथ-साथ सीमावर्ती गाँवों से गुजरी और अंत में बीओपी (BOP) कैंप पर आकर समाप्त हुई।

कार्यक्रम में बाह्य सीमा चौकी मजरख, पीरगंज और मेघा के कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**युवाओं को दिया फिटनेस का मंत्र** : दौड़ के समापन पर, एसएसबी जवानों ने स्थानीय युवाओं से प्रतिदिन दौड़ लगाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ-साथ, शारीरिक फिटनेस भी अत्यंत आवश्यक है।एसएसबी जवानों ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, "जब युवा शारीरिक रूप से फिट रहेंगे, तो स्वतः देश फिट रहेगा।" इस कार्यक्रम के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल ने सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# बिहार विधानसभा चुनाव : मतदान व मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान व मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। इसमें मतगणना सहायक, सुपरवाइजर, माइक्रो ऑब्जर्वर और पोस्टल बैलेट मतगणना कर्मी शामिल थे। प्रशिक्षण में मतपेटी और ईवीएम की जांच, मतदान एवं मतगणना के दौरान सावधानियाँ, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय और परिणाम संकलन की प्रक्रिया पर जानकारी दी गई। सभी कर्मियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सावधानीपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम शांति और अनुशासनपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

# महंगाई पर लोक आस्था पड़ा भारी,छठव्रातियों ने की खरीददारी

अररिया,(हि.स.)।

लोक आस्था और प्रकृति को पूरी तरह से समर्पित महापर्व छठ को लेकर सजे बाजार में महंगाई पर लोक आस्था भारी पड़ रही है।छठ पूजा में लगने वाले सामग्री डाला,सूप के साथ फल,फूल,मिट्टी के बर्तन और अन्य समानों का बाजार विभिन्न स्थानों पर सज गया है।जहां छठ पर्व के समानों की खरीददारों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।

फारबिसगंज में फैंसी मार्केट,स्टेशन चौक,कृषि उत्पादन बाजार समिति का प्रांगण सहित सड़क पर सैकड़ों अस्थायी दुकानें लगी है।जहां छठव्रती छठ के समानों की खरीददारी के लिए पहुंच रहे




हैं। अन्य वर्षों की अपेक्षा समानों की बढ़ी कीमत के बावजूद महंगाई पर आस्था भारी है और श्रद्धालु मोलभाव कर केला का घोर,फल,हल्दी का पौधा,ईख,सिंदूर, अत्ता पत्ता,बद्दी और मिट्टी के दीप और अन्य समानों की खरीददारी कर रहे हैं।

रविवार को छठ के समानों की खरीददारी को लेकर श्रद्धालुओं खास उत्साह देखा गया।कृषि उत्पादन बाजार समिति के फल मंडी में थोक खरीददारी को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।वहीं छठ पर बनने वाले प्रसाद ठेकुआ के लिए छठव्रतियों द्वारा सुखाए गए गेहूं की पिसाई के लिए आटा चक्की मिल पर भी श्रद्धालुओं की सुबह से ही कतार लगी रही।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूरी तरह से प्रकृति को समर्पित है और प्रकृति द्वारा प्रदत्त फल फूल और अन्य समानों के साथ भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ मनाया जाता है। हिन्दी पट्टी क्षेत्र सहित आज पूरे देश में छठ के प्रति लोगों में आस्था बढ़ी है और चार दिनों का यह अनुष्ठान नहाय खाय के साथ ही शनिवार से शुरू हो गया और आज रविवार की रात को खरना पूजा है, जहां छठ व्रती फल फूल खीर का साथ पूजा अर्चना कर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत की शुरुआत करेंगी।फिर सोमवार को नदी,तालाब और पोखर में पानी में भगवान भास्कर की आराधना करते हुए डूबते हुए सूर्य और फिर अगले दिन मंगलवार को उगते हुए सूर्य अर्थात भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान करेंगे।

छठ को लेकर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं।घाटों के निर्माण से लेकर रोशनी और साफ सफाई की व्यवस्था की जा रही है।पूरा वातावरण छठ के गीतों से गुंजायमान है।बाजार में छठ को लेकर विशेष चहल पहल है।छठ को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# भागलपुर रेलवे स्टेशन पर छठ पूजा के बाद लौटने वाले यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं

**'भागलपुर,** (हि.स.)। छठ महापर्व के समापन के बाद बड़ी संख्या में यात्रियों के विभिन्न गंतव्यों के लिए रवाना होने की संभावना को देखते हुए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने भागलपुर स्टेशन पर व्यापक तैयारियां की हैं। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में स्टेशन पर दो विशेष होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। पहला सर्कुलेटिंग एरिया में लगभग 1200 यात्रियों के लिए और दूसरा प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर लगभग 500 यात्रियों के लिए। इन स्थानों पर पंखे, लाइट, बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, डस्टबिन, विशेष ट्रेन समय सारणी बोर्ड और चिकित्सा सहायता बूथ



जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यात्रियों को भीड़ में सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के लिए होल्डिंग एरिया में अनाउंसमेंट सिस्टम से आवश्यक जानकारी दी जा रही है। छठ गीतों का प्रसारण और सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए पोडियम भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा मोबाइल टिकटिंग सुविधा, एटीवीएम मशीन और निकटवर्ती टिकट काउंटरों के माध्यम से यात्रियों को टिकट आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है और डॉग स्क्वॉड द्वारा जांच की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति के लिए सदर अस्पताल, भागलपुर की सहयोगी चिकित्सा और एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध हैं। इन सभी व्यवस्थाओं का उद्देश्य यात्रियों का सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करना है।

# बिहार विधानसभा निर्वाचन के लिए होम वोटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 को सुगम और समावेशी बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार 26 अक्टूबर 2025 को लहटन चौधरी सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में होम वोटिंग की व्यवस्था से संबंधित मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।



यह होम वोटिंग की सुविधा विशेष रूप से अनुपस्थित मतदाताओं (एब्सेंटी वोटर्स) के लिए शुरू की गई है, जिनमें वरिष्ठ नागरिक एवीएससी और दिव्यांगजन एवीपीडी शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता, चाहे उनकी शारीरिक स्थिति या उम्र कुछ भी हो, मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोस्टल बैलट कोषांग के वरीय और नोडल पदाधिकारियों ने मतदान अधिकारियों को होम वोटिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इसमें डाक मतपत्रों के उपयोग, गोपनीय मतदान सुनिश्चित करने और मतदाताओं के घर तक सुरक्षित रूप से पहुंचने से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य मतदान कर्मियों को इस विशेष सुविधा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तैयार करना है, ताकि एवीएससी और एवीपीडी श्रेणी के मतदाताओं को बिना किसी बाधा के मतदान का अवसर मिल सके।

## छठ पर्व की प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में, सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ की दो टीम तैनात

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिला मुख्यालय में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी अब अंतिम चरण में है। रविवार को जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर परिषद सुपौल क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में एडीएम आपदा के साथ नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा, कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी शालू सिंह, सीओ आनंद कुमार, तथा प्रधान लिपिक असजद आलम सहित अन्य कर्मी शामिल थे। सभी अधिकारियों ने नगर परिषद क्षेत्र के 40 छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और प्रकाश की स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने घाटों पर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं। संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की दो टीमों को तैनात किया गया है, जिनकी एक-एक टीम गांधी मैदान घाट और शनि मंदिर घाट पर मौजूद रहेगी। जरूरत पड़ने पर ये टीमें अन्य घाटों पर भी तत्काल पहुंचेंगी। इसके साथ ही आपदा मित्रों की भी मदद ली जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सभी घाटों पर ब्रेकेटिंग, चेतावनी बैनर, चेंजिंग रूम, और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। कंट्रोल रूम का नंबर भी प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है ताकि लोग किसी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ माहौल में छठ पूजा संपन्न कराने में कोई कठिनाई न हो।

# एसडीएम व सीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, साफ-सफाई, लाइट, चेंजिंग रूम और बेरिकेडिंग के निर्देश

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**



प्रखंड और सिमराही नगर पंचायत में लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पर्व के दूसरे दिन खरना के अवसर पर, अनुमंडल प्रशासन ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

एसडीएम नीरज कुमार और राघोपुर अंचलाधिकारी रश्मि प्रिया ने प्रखंड व नगर क्षेत्र के घाटों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों और घाटों पर बेरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं निरक्षण के दौरान नगर पंचायत सिमराही वार्ड 5 भुतही पोखर पर एसडीएम नीरज कुमार,सीओ रश्मि प्रिया ने एक युवक को घाट के पानी मापने के लिए घुसवाया और पोखर का जलस्तर मापा गया। जिसके बाद लाइट को लेकर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि चेंनिज तार नहीं नहीं लगना चाहिए। और तार के कटे फटे पर विशेष ध्यान देकर दुरुस्त करे। जिसको लेकर छठ व्रतियों व भक्तों को कोई दिक्कत ना हो।

वहीं निरक्षण के दौरान एसडीएम नीरज कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के विभिन्न छठ घाटों पर जो व्यवस्था होनी चाहिए व देख रहे हैं। जिसको लेकर छठ व्रतियों को कोई दिक्कत ना हो और अच्छे से ये महापर्व छठ संपन्न हो। वहीं अंचलाधिकारी रश्मि प्रिया ने जानकारी देते हुए कहा कि गौताखौर, विभिन्न घाटों पर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा के दिष्टि से पुरुष बल व महिला बल की तैनाती कि जाएगी।

छठ पर्व को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है और वे आस्था व पवित्रता के साथ घाटों की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विवेक जायसवाल उर्फ सानु जायसवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अकरम राजा, कुंदन चौधरी और गणेश शर्मा, नगर कर्मी नवीन कुमार,हिरा कुमार, रंजीत राउत,मुकेश राउत, दशरथ राउत, सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## भीमपुर थाना क्षेत्र में चैनपुर कैनाल पर छठ घाटों की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिला पदाधिकारी सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक सुपौल द्वारा रविवार को भीमपुर थाना अंतर्गत चैनपुर मुख्य कैनाल स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित प्रखंड, नगर निकाय एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त रोशनी, पेयजल, चिकित्सीय सहायता और गोताखोरों की तैनाती की जाए। साथ ही भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व जिले की सांस्कृतिक पहचान है, अतः प्रशासन का दायित्व है कि यह पर्व पूर्ण श्रद्धा, सुरक्षा और शांति के साथ संपन्न हो। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने और रात्रि गश्ती को सघन करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# लाउडस्पीकर बजाने के लिए अब तक 18 अनुमति

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति के लिए जिला स्तर पर एकल खिड़की कोषांग स्थापित किया गया है। इस कोषांग में 17 अक्टूबर तक हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कोषांग द्वारा 16 अक्टूबर को वीरपुर हवाई अड्डा पर भारतीय जनता पार्टी के एक हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई थी। 18 अक्टूबर को अनुप लाल यादव, महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज के मैदान पर भारतीय जनता पार्टी के एक हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई थी।

इस तरह इस कोषांग द्वारा अब तक दो हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई है।

जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित सिंगल विन्डो सिस्टम द्वारा अब तक सभा/रैली, वाहन उपयोग, चुनाव कार्यालय एवं लाउडस्पीकर के उपयोग से संबंधित क्रमशः 30, 66, 02 एवं 18 अनुमति निर्गत किए गए हैं। सभा/रैली के लिए कुल 30 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 6, सुपौल द्वारा 15, त्रिवेणीगंज द्वारा 3 एवं छातापुर द्वारा 6 अनुमति जारी किया गया है। वाहन उपयोग के लिए कुल 66 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 16, पिपरा द्वारा 7, सुपौल द्वारा 36, त्रिवेणीगंज द्वारा 5 एवं छातापुर द्वारा 2 अनुमति जारी किया गया है। चुनाव कार्यालय के लिए सुपौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 01 निर्मली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 01 अनुमति जारी किया गया है। लाउडस्पीकर से संबंधित जिले भर में जारी कुल 18 अनुमतियों में से 9 निर्मली द्वारा, 7 सुपौल द्वारा, 1 त्रिवेणीगंज द्वारा एवं 1 छातापुर द्वारा अनुमति जारी किया गया है।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता अभियान

## द्वितीय चरण में मतदान 11 नवम्बर को है निर्धारित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के द्वितीय चरण में मतदान 11 नवम्बर को निर्धारित होने के मद्देनजर, जिले के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान करते हुए निर्भीक, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना था।





मरौना प्रखंड में सेविका-सहायिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रतिभागियों ने रंगोली बनाकर मतदान का संदेश प्रसारित किया और आम लोगों को आगामी चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। रैली में ग्रामीणों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। पिपरा प्रखंड के ग्राम पंचायत रतौली में स्वच्छता कर्मियों ने विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई कर न केवल धार्मिक स्थल को स्वच्छ किया, बल्कि मतदान जागरूकता संदेश भी पहुंचाया। इसी तरह, किशनपुर प्रखंड के विभिन्न जीविका समूहों में महिलाओं ने मतदान हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं ने लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया और सभी को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान के माध्यम से सुपौल में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य साधने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस प्रकार, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों ने जिले के नागरिकों में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ाने और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सामग्री पैंकिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए जिले में मतदान सामग्री की पैकिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शनिवार को वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और मतदान सामग्री कोषांग के अधिकारियों की देखरेख में यह कार्य संपन्न हुआ। प्रतिनियुक्ति शिक्षक, दैनिक मजदूर और कोषांग के अन्य कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मतदान सामग्री को पैक कर रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, जिले की सभी विधानसभा





क्षेत्रों की सामग्री को बड़े प्लास्टिक बक्सों में संग्रहित किया जा रहा है। प्रत्येक बक्से में लगभग 25 प्रकार की अलग-अलग सामग्री सुरक्षित रूप से पैक की जा रही है। इसमें मतदान पर्चियां, बैलेट पेपर, मतदाता सूची, सिलेंडर, सिग्नेचर बुक, सील एवं अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं।पैकिंग के दौरान सभी कर्मचारियों को विशेष सुरक्षा एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी सामग्री सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से तैयार होकर अगले चरण के लिए भेजी जा सके। निर्वाचन आयोग की मानकों के अनुरूप यह प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित तरीके से चल रही है और आने वाले दिनों में पूरे जिले में मतदान सामग्री की समय पर तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।इस प्रकार, सुपौल जिले में विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूर्ण रूप से युद्धस्तर पर जारी हैं और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जा रहा है।

# भीमपुर चेकपोस्ट पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल ने संयुक्त रूप से भीमपुर थाना अंतर्गत चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा चेकिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में यह



सुनिश्चित किया गया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) एवं जिला पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नकदी, शराब या हथियार की तस्करी को रोका जा सके। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव अवधि में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है तथा किसी भी असामाजिक तत्व पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चौक-चौराहों और सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि मतदान प्रक्रिया निर्बाध एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

# नालंदा जिले में छठ महापर्व के अवसर पर जिलाधिकारी ने किया घाटों का निरीक्षण



**न्यूज स्केल नालंदा**

**» घाटों पर लाइटिंग, पेयजल, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।**

---

**» भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।**

---

**» श्रद्धालुओं को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।**

जिले में कार्तिक छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए श्री कुंदन कुमार, जिलाधिकारी, नालंदा ने आज बिहार शरीफ के मुख्य छठ घाटों – मनीराम आखाड़ा, कौशुक छठ घाट, मोरा तालाब छठ घाट और आशा नगर छठ घाट – का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

**छठ पर्व पर सुरक्षा और सुविधा की तैयारियां** : जिलाधिकारी ने लाइटिंग, साफ-सफाई, पेयजल, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय, नियंत्रण कक्ष, बैरिकेडिंग और साइनेज जैसी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा, एनडीआरएफ, वोट, गोताखोर एवं गहरे पानी में सुरक्षा हेतु रस्सी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी रहे, पार्किंग व्यवस्थित हो और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दुकानों को सुव्यवस्थित किया जाए।

**भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था** : जिलाधिकारी ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। श्रद्धालुओं से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही चोर, उचक्के और पॉकेटमार पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि घाटों पर समुचित शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करें।

**मतदान जागरूकता के लिए विशेष पहल** : जिलाधिकारी ने छठ घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं से बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छठव्रतियों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और पूजा समिति के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे।

## नालंदा में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल नालंदा**

कुंदन कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी निर्वाची पदाधिकारी और संबंधित कोषांग पदाधिकारी उपस्थित थे।



**निर्वाचन प्रक्रिया की समीक्षा**
जिला पदाधिकारी ने सभी कोषांग पदाधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ईवीएम-वीवीपैट प्रबंधन, मतदाता जागरूकता अभियान (SVEEP), मतगणना, सुरक्षा, वेबकास्टिंग और मीडिया कोषांग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

**मतदाता जागरूकता एवं सुविधाएं** : कम वीटीआर वाले मतदान केंद्रों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने, घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण 29 अक्टूबर तक पूरा करने और सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, सफाई, शौचालय, फर्नीचर व विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**ईवीएम-वीवीपैट एवं सुरक्षा ईवीएम कमिशिनंग,** रेन्डमाइजेशन और स्ट्रांग रूम की तैयारियों को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी वाहन जीपीएस युक्त होंगे, मतदान कर्मियों के साथ पुलिस बल का टैगिंग होगा और ईवीएम खराब होने पर तुरंत रिप्लेसमेंट की व्यवस्था होगी।

**समन्वय और शुभकामनाएं**
जिला पदाधिकारी ने सभी कोषांगों में बेहतर समन्वय और समयबद्ध रिपोर्टिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं भी दी। बैठक में नगर आयुक्त, सहायक निर्वाची पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज

**पश्चिम चम्पारण (बगहा),** (हि.स. )। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के आदर्श आचार संहिता उलंघन मामलें में दो अलग-अलग जगहों पर राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।




बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पहला मामला लगुनाहा चौतरवा पंचायत का है, जहां सेक्टर पदाधिकारी (सेक्टर संख्या–145) द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया गया कि वार्ड संख्या–04 में कई स्थानों पर,जैसे रंजन मंडल, बब्लू दास एवं नलिनी पाल के घरों की दीवारों सहित अन्य जगहों पर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के प्रचार पोस्टर लगाये गये हैं।स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह पोस्टर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि में चिपकाए गए। संबंधित गृहस्वामियों ने बताया कि उन्होंने किसी भी राजनीतिक दल को अपने घर की दीवारों का उपयोग प्रचार हेतु करने की अनुमति नहीं दी थी।

उक्त कृत्य को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के विरुद्ध चौतरवा थाना कांड संख्या–307/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दूसरा मामला बेतिया विधानसभा क्षेत्र का है। निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी, बेतिया सदर–सह–उड़नदस्ता दल दण्डाधिकारी द्वारा पाया गया कि पुलिस लाइन जाने वाली सड़क के किनारे, जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह का पोस्टर लगाया गया है। इस संबंध में जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध मुफस्सिल थाना कांड संख्या–532/25, दिनांक 24.10.2025 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दोनों मामलों की जांच संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सौंपी गई है तथा जिला प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**01 : बगहा में प्रथम मामला : लगुनाहा चौतरवा पंचायत में भाजपा और कांग्रेस के प्रचार पोस्टर बिना अनुमति लगाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज।**

---

**02 : स्थानीय शिकायत : वार्ड संख्या–04 के नागरिकों ने दीवारों पर पोस्टर लगाए जाने की अनुमति नहीं दी।**

---

**03 : जिलाधिकारी की नीति : आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर शून्य सहिष्णुता के तहत दोनों मामलों की सख्त जांच जारी।**

# दक्षिण घोघा में जीविका दीदियों ने मतदान जागरूकता अभियान चलाया

**बेतिया,** (हि.स.)।

**सभी दीदियों ने मतदान को उत्सव के रूप में मनाकर लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया**

---




दक्षिण घोघा पंचायत, चनपटिया में आज जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में सभी दीदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

अभियान के दौरान दीदियों ने मतदाता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी साझा की और ग्रामीणों को मतदान के महत्व को समझाया। सभी दीदियाँ इस पहल को मतदान उत्सव के रूप में हर्ष और उत्साह के साथ मना रही थीं।

जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे 11 नवंबर को मतदान अवश्य करें, क्योंकि तभी लोकतंत्र सशक्त और मजबूत बनेगा। इस अवसर पर पंचायत स्तर के अन्य प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने अभियान की सराहना की और मतदान में भाग लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एक वोट से जीत-हार, वोट को न कोई करे बेकार '' का संदेश पहुंचा हर गली-मोहल्ले तक

**समस्तीपुर,** (हि.स.)। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 को लेकर समस्तीपुर ज़िले में मतदाता जागरूकता की लहर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत रविवार को विद्यापतिनगर प्रखंड में जीविका समूह की महिलाओं ने भव्य मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया।




रैली में सैकड़ों जीविका दीदियाँ हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्तियाँ लेकर पूरे जोश के साथ सड़कों पर उतरीं। रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं को मतदान के अधिकार के प्रति सजग बनाना और उन्हें निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित करना था। दीदियों ने पूरे उत्साह के साथ "एक वोट से जीत-हार, वोट को न कोई करे बेकार" 06 नवंबर को करें मतदान, लोकतंत्र बने महान "के नारे लगाये।

इस अवसर पर जीविका परियोजना से जुड़ी पदाधिकारियों ने बताया कि "महिलाएँ आज सिर्फ़ परिवार ही नहीं, समाज में भी जागरूकता का प्रतीक बन चुकी हैं। उनके प्रयास से इस बार शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा।"रैली के दौरान ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रशासन के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।जिला प्रशासन की यह पहल अब जन-जन तक पहुँच रही है, जिससे समस्तीपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में एक मज़बूत कदम उठ चुका है। इसी तरह का कार्यक्रम दलसिंहसराय में भी आयोजित कि

# मोतिहारी सेन्ट्रल जेल में छठ महापर्व की धुम,तीन मुस्लिम महिला समेत 130 बंदी कर रहे छठ पूजा

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। लोक आस्था व प्रकृति प्रेम का महापर्व छठ पूजा की धूम मोतिहारी सेन्ट्रल जेल में भी है। जेल में बंद करीब 36 सौ बंदियों में से तीन मुस्लिम महिला बंदी सहित कुल 130 बंदी पूरे विधि विधान के साथ छठ महापर्व कर रहे हैं।जेल के अंदर बने छठ घाट की साफ सफाई कर साज-सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन बंदी छठव्रती खरना पूजन करेगे,जिसके लिए आटा दूध,चावल,गुड़ और केले के पत्ते की व्यवस्था की गई है।सभी व्रती सायं काल नवेद निकाल कर छठी माता के आगमन के लिए गुहार लगायेगे। जेल में बंद कैदियो में छठ को लेकर खासा उत्साह है। जानकारी के अनुसार महिला वार्ड छठ के गीत से गूंजयामान हो रहा है।उल्लेखनीय है,कि इस वर्ष मोतिहारी सेन्ट्रल जेल में बंद तीन मुस्लिम महिला बंदियों ने अन्य छठव्रतियो के साथ पूरे विधि विधान के अनुसार छठ व्रत कर रही है,जिसमे सजायाफ्ता खुशबू तारा आठ साल से कारा में हैं। कारा में जाने से दो साल पहले से वह अपने पौत्र के लिए छठ कर रही है। उनके साथ-साथ नाजनी खातून व शबनम खातून भी छठ पूजा कर रही हैं। कारा अधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा ने बताया है कि महिला व पुरुष छठव्रती बंदियों के बीच वस्त्र व पूजन सामग्री का वितरण कर दिया गया है। कारा परिसर में छठ घाट का निर्माण किया गया है। कारा प्रशासन द्धारा सभी व्रतियो को आवश्यक पूजन सम्रागी सुनिश्चित करा जा रहा है,ताकि व्रती छठ पूजा पूरे विधि विधान के साथ पूरी कर सके।

# बासोपट्टी व चनपटिया में एसएसटी की कार्रवाई, 15.96 लाख नकद जब्त

**बेतिया,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनज़र जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अवैध धन के प्रवाह पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में शनिचरी थाना अंतर्गत एसएसटी चेक पोस्ट बासोपट्टी पर वाहन जांच के दौरान नंदू महतो, पिता रामनाथ महतो, निवासी रूपडिह, थाना बेतिया मुफस्सिल, जिला पश्चिम चम्पारण के पास से ₹15,39,121 (पंद्रह लाख उन्तालीस हजार एक सौ इक्कीस रुपये) बरामद किए गए। बरामद धनराशि को विधिवत जप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, एक अन्य मामले में चनपटिया सेंटर स्थित एसएसटी टीम द्वारा वाहन जांच के दौरान महावीर कुमार एवं बलीराम राउत, निवासी रानीपुर, थाना कुमारबाग के पास से ₹57,520 (सत्तावन हजार पांच सौ बीस रुपये) बरामद किए गए।

दोनों ही मामलों में संबंधित थानों के माध्यम से विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करें।

# शराब लदे दो बाइकों को उत्पाद बलों ने किया जब्त,एक तस्कर गिरफ्तार,दूसरा फरार

**नवादा,** (हि.स.)।नवादा जिले के राजौली थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव से रविवार को उत्पाद बलों ने एक बाइक पर लदे 32 लीटर शराब को जब्त किया है।



उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार चुनाव को लेकर उत्पाद बल अलर्ट मोड पर है।शराब की खेप और बिक्री को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई के आलोक में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार को उत्पाद बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया।

छापेमारी के दौरान उत्पाद बलों को देखकर एक युवक बाइक पर लदे शराब को छोड़कर भाग खड़ा हुआ।उत्पाद बलों ने एक बाइक पर लदे बोरे में बंद रहे कुल 32 लीटर शराब को जब्त किया है।वहीं दूसरी ओर नवादा से आई उत्पाद बलों की टीम का नेतृत्व कर रहे उत्पाद इंस्पेक्टर न्यूटन ने शराब परिवहन में जुटे एक युवक को सलेमपुर गांव के समीप गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक की पहचान नरहट थाना क्षेत्र के हाजीदाब गांव निवासी तुलसी चौधरी के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।जब्त 85 लीटर शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार शराब तस्कर को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कुशेश्वरस्थान पुलिस की कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार



**दरभंगा ,** (हि.स.)। जिले में कुशेश्वरस्थान थाना पुलिस ने रविवार को न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी की देखरेख में की गई इस कार्रवाई में स्थायी वारंटी राम खेलावन पासवान, पिता पानो पासवान, ग्राम बलहा, एवं एन.बी.डब्ल्यू. वारंटी गौड़ी पासवान, पिता स्वर्गीय दुखी पासवान, ग्राम ग्यासपुर, दोनों थाना कुशेश्वरस्थान, जिला दरभंगा को पुलिस ने धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी माननीय न्यायालय के आदेश पर की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

# इन्फेंट्री डे : पैदल सैनिकों की भावना को सलाम



**प्रयागराज,** (हि.स.)। इन्फेंट्री डे-एक ऐसा अभियान है, जिसने जम्मू और कश्मीर में पहली हथियारबंद घुसपैठ को नाकाम कर राष्ट्र की सम्प्रभुता को सुरक्षित रखा। जिसे हर वर्ष 27 अक्टूबर को मनाया जाता है। इन्फेंट्री डे केवल एक स्मरण दिवस नहीं है, यह उन बहादुर सैनिकों के अतुलनीय साहस और निःस्वार्थ सेवा का सम्मान है, जो धरती पर लड़ते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि देश का तिरंगा सदैव गौरव और सम्मान के साथ ऊँचा फहरता रहे।

रक्षा मंत्रालय, प्रयागराज के विंग कमांडर एवं पीआरओ ने रविवार को बताया कि भारतीय थलसेना के पैदल सैनिकों के अडिग साहस, वीरता और बलिदान की गौरवपूर्ण स्मृति के रूप में खड़ा है। यह दिन 1947 में सिख रेजिमेंट की पहली बटालियन के वीर जवानों द्वारा श्रीनगर हवाई अड्डे पर की गई ऐतिहासिक हवाई लैंडिंग का प्रतीक है।


भारतीय सेना में इन्फेंट्री सबसे बड़ी और सर्वाधिक बहुमुखी शाखा है, जो हर भू-भाग और मौसम में लड़ने के लिए प्रशिक्षित है। चाहे सियाचिन की बर्फीली चोटियों पर शून्य से नीचे तापमान झेलना हो, घने जंगलों में आतंकवादियों से मुकाबला करना हो, या रेगिस्तानों और मैदानों में सीमाओं की रक्षा करना, हर स्थान पर पैदल सैनिक अपने कर्तव्य के प्रति अडिग है। उसका धैर्य, साहस और राष्ट्र के प्रति अविचल समर्पण सच्चे सैनिकत्व का प्रतीक है।

पीआरओ ने कहा कि युद्ध के समय हो या शांति के, इन्फेंट्री की भूमिका केवल लड़ाई तक सीमित नहीं रहती। वे आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व करते हैं, संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में योगदान देते हैं और मानवीय संकटों व प्राकृतिक आपदाओं के समय महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। उनका तत्परता भाव भारत की सैन्य शक्ति और संकल्प के स्थायी प्रतीक हैं।

# छह दिन की गिरावट के बाद फिर महंगा हुआ सोना, चांदी में भी मामूली तेजी

**- एक सप्ताह में सोना के भाव में आई 5,240 रुपये तक की गिरावट, चांदी 17 हजार रुपये तक सस्ती**

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार छह दिन की गिरावट के बाद रविवार को सोना और चांदी के दामों में तेजी देखी गई। आज 24 कैरेट सोना 1,25,620 रुपये से लेकर 1,25,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,150 रुपये से 1,15,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है।



**साप्ताहिक गिरावट के बाद उछाल :** साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक 24 कैरेट सोने के भाव में 5,240 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई थी। इसी तरह 22 कैरेट सोना 4,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ। चांदी में भी इसी अवधि में 17,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी देखने को मिली थी। लगातार कमजोरी के बाद आज सोने-चांदी में मजबूती आने से निवेशकों और खरीदारों में उत्साह बढ़ा है।

**अन्य राज्यों में भी तेजी :** लखनऊ में 24 कैरेट सोना 1,25,770 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,15,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बिक रहा है। पटना और जयपुर में भी इसी स्तर पर सोना कारोबार कर रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,620 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,15,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।सोने-चांदी के भाव में इस तेजी से बाजार में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है और आगामी दिनों में कीमतों के रुझान पर नजर बनी रहेगी।

**प्रमुख शहरों में भाव :** देश के बड़े सर्राफा बाजारों में आज सोने की कीमतों में तेजी रही। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,620 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,15,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 1,25,670 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,15,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई और कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,620 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,15,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार किया गया।

# भारत की सबसे छोटी पैसेंजर ट्रेन : सिर्फ 3 कोच और 9 किलोमीटर की रोमांचक जर्नी

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत का रेलवे नेटवर्क दुनिया का सबसे बड़ा है, लेकिन इसके बीच एक अनोखी ट्रेन भी है, जो केवल 9 किलोमीटर का सफर तय करती है और इसमें सिर्फ तीन कोच हैं। यह ट्रेन केरल में चलती है और इसकी यात्रा अपने खूबसूरत मार्ग और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यह ट्रेन कोचीन हार्बर टर्मिनस (CHT) से एर्नाकुलम जंक्शन तक जाती है। छोटे सफर के बावजूद इसका मार्ग बेहद मनोरम है। हरे-भरे खेत, घने जंगल और नदियों के किनारे से गुजरते हुए यात्रियों को प्रकृति का अद्भुत अनुभव मिलता है। हरे रंग की यह डीईएमयू ट्रेन दिन में दो बार चलती है, सुबह और शाम। 9 किलोमीटर की दूरी लगभग 40 मिनट में पूरी होती है और बीच में सिर्फ एक स्टॉप है। यात्रियों की संख्या आम तौर पर कम रहती है—सिर्फ 10-12 लोग सफर करते हैं, जबकि ट्रेन में 300 बैठने की क्षमता है। यात्रियों की कमी के बावजूद रेलवे ने इसे बंद नहीं किया है, क्योंकि पर्यटक इसे खूब पसंद करते हैं। यह ट्रेन लंबी ट्रेनों की तरह नहीं है और इसे लेकर यात्रा का अनुभव बेहद अलग और सुकून भरा है। भारत में कुछ और छोटी दूरी की ट्रेनें हैं, लेकिन कोचीन-एर्नाकुलम ट्रेन अपनी छोटी दूरी और तीन कोचों के कारण सबसे अलग और अनोखी है। यदि आप केरल घूमने जाएं, तो इस मिनी ट्रेन की रोमांचक यात्रा जरूर करें और हरे-भरे नजारों का आनंद उठाएं।



# दिनभर एनर्जेटिक और एक्टिव रहने के लिए सुबह इन 4 सुपरफूड्स को नाश्ते में जरूर करें शामिल

सुबह का नाश्ता दिन की ऊर्जा और सेहत के लिए बेहद जरूरी है। दिन की शुरुआत हल्के, पोषक और एनर्जी से भरपूर भोजन से करनी चाहिए। सबसे पहले उठकर पर्याप्त पानी पीना चाहिए, जिससे शरीर हाइड्रेटेड रहता है और मेटाबॉलिज़्म भी सक्रिय होता है। सुपर एक्टिव रहने के लिए सुबह अपने नाश्ते में कुछ खास चीजें शामिल करें।



सबसे पहले भिगोए हुए बादाम खाएं। 5-10 बादाम रात भर भिगोने से उनका न्यूट्रिशन बढ़ जाता है और यह शरीर को जरूरी विटामिन व मिनरल्स देता है। इसके अलावा भूख भी धीरे-धीरे लगती है। खजूर भी सुबह लेने से दिनभर एनर्जी बनी रहती है। खजूर में फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो पाचन तंत्र को मजबूत करते हैं और कब्ज या अपच जैसी समस्याओं से बचाते हैं। चिया सीड्स छोटे लेकिन बेहद ताकतवर होते हैं। इसमें प्रोटीन, जरूरी फैटी एसिड, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन बी होता है। एक चम्मच चिया बीज रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाएं, या स्मूदी और नाश्ते में डालकर लें। साथ ही पपीता खाली पेट खाने से पेट साफ रहता है और बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है। यह स्किन के लिए भी फायदेमंद है। पपीता खाने के कम से कम एक घंटे तक कुछ और खाने से बचें। इन आसान आदतों को अपनाकर सुबह से ही दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस किया जा सकता है।

# दिल की बीमारी के शुरुआती लक्षण : समय रहते पहचानें

दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले बीते कुछ सालों में बढ़ गए हैं। खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट हार्ट डिजीज का मुख्य कारण बन सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, समय रहते लक्षण पहचानकर इलाज शुरू करवाने से हार्ट हेल्थ सुधारी जा सकती है। शरीर में थकावट और एनर्जी की कमी होना, हार्ट सही तरीके से काम नहीं कर रहा होने का संकेत हो सकता है। हार्ट डिजीज से ग्रसित लोगों को चक्कर आना या बेहोशी की समस्या भी हो सकती है। अक्सर सांस फूलना, सीने में दर्द या भारीपन महसूस होना और दिल की धड़कन तेज होना भी गंभीर लक्षण हैं। बेवजह पसीना आना या पैरों और टखनों में सूजन भी हार्ट डिजीज का संकेत हो सकता है। अगर ये लक्षण एक साथ नजर आएं, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करवाना जरूरी है।

डिस्क्लेमरः यह जानकारी सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी इलाज या डायट परिवर्तन से पहले डॉक्टर से सलाह लें।



# राशिफल : 27 अक्टूबर, 2025

मेष - निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

वृष - अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन - अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

कर्क - दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

सिंह - चिंततनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। शुभांक-4-5-6

कन्या - निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

तुला - परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

वृश्चिक - संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

धनु - शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

मकर - मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

कुम्भ - महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। शुभांक-2-6-9

मीन - प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# पंचांग : 27 अक्टूबर, 2025

27 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र धनु में
मंगल तुला में
बुध वृश्चिक में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
वृश्चिक 07.38 ब.से
धनु 09.54 बजे से
मकर 11.59 बजे से
कुंभ 13.46 बजे से
मीन 15.19 बजे से
मेष 16.49 बजे से
वृष 18.29 बजे से
मिथुन 20.27 बजे से
कर्क 22.41 बजे से
सिंह 00.57 बजे से
कन्या 03.09 बजे से
तुला05.20 बजे से

सोमवार 2025 वर्ष का 300 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक पक्ष शुक्ल
तिथि पंचमी 06.05 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मूल 13.28 बजे को समाप्त।
योग अतिगण्ड 07.27 बजे को समाप्त।
करण बालव 06.05 बजे तदनन्तर कौलव 19.06 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 05.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 120 48'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872510
जूलियन दिन 2460975.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उल्लावल
तारीख 04

विशेष स्कन्द षष्ठी, सूरा समाहरम।




# मन की बात : छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में छठ महापर्व की महत्ता, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने छठ महापर्व को समाज और प्रकृति के बीच गहरी एकता का प्रतीक बताया और बिहार, झारखंड व पूर्वांचल के लोगों को विशेष बधाई दी।

**1. छठ महापर्व और सामाजिक एकता** : प्रधानमंत्री ने कहा कि छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है, जो भारत की सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि इस पर्व में सक्रिय भागीदारी करें। उनका कहना था कि यह केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि भारतीय समाज की एकता और सामंजस्य को भी दर्शाता है।

**2. स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि** : प्रधानमंत्री ने हैदराबाद के स्वतंत्रता संग्राम और कोमरम भीम के संघर्ष को याद किया। निज़ाम के अत्याचारों के खिलाफ उनके अदम्य साहस और आदिवासी समाजों में छोड़ी गई अमिट छाप को उजागर किया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे कोमरम भीम के जीवन और संघर्ष के बारे में अधिक से अधिक जानें।

**3. देशी नस्ल के श्वानों का संवर्धन** : प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों में भारतीय नस्ल के श्वानों के प्रशिक्षण और उपयोग की सराहना की। उन्होंने बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ ने देशी नस्लों जैसे मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, कोम्बाई और पांडिकोना को अपनाया और उनका प्रशिक्षण मैनुअल संशोधित किया। इस प्रयास से श्वानों की क्षमता का सही उपयोग हो रहा है और विदेशी नस्लों के मुकाबले भारतीय नस्लों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने इस एपिसोड के माध्यम से न केवल त्योहारों और पर्यावरण की महत्ता पर जोर दिया, बल्कि युवाओं को इतिहास, संस्कृति और देशभक्ति की ओर प्रेरित किया।

**4. पर्यावरण संरक्षण और नवाचार** : प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में झीलों को पुनर्जीवित करने, पेड़ लगाने और गुजरात में मैंग्रोव प्लांटेशन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने अम्बिकापुर के 'गार्बेज कैफे' जैसी पहल का जिक्र किया, जहां प्लास्टिक कचरा लाने पर मुफ्त भोजन मिलता है। पीएम मोदी ने कहा कि पेड़-पौधों का संरक्षण हर जीव के लिए लाभकारी है और उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**5. भारतीय संस्कृति और कृषि की विविधता** : प्रधानमंत्री ने संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण और युवाओं की सक्रियता पर ध्यान दिलाया। साथ ही ओडिशा के कोरापुट और अन्य राज्यों में कॉफी की खेती बढ़ाने के प्रयासों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की कॉफी वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध हो रही है। उन्होंने राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम्' की 150वीं वर्षगांठ और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशवासियों से सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।

## मप्र के मुख्यमंत्री ने 'नया भारत-हरा भारत' यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना



**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश की बेटी अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित पैडल टू प्लांट कार्यक्रम 'नया भारत-हरा भारत' की यात्रा निकाल रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इस यात्रा पर निकल रही अंजना यादव को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर बताया गया कि पेडल टू प्लांट कार्यक्रम, नया भारत हरा भारत के अंतर्गत अंजना यादव और उनकी टीम के द्वारा अरुणाचल प्रदेश से गुजरात चार हजार किलोमीटर साइकिल से सफर तय किया जाएगा। इसके अंतर्गत वे भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देंगी। अंजना यादव सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत, सशक्त और प्रगतशील भारत के दृष्टिकोण को भी प्रचारित करेंगी।

गौरतबल है कि अंजना यादव रायसेन जिले के ग्राम सेमारी की रहने वाली हैं, जो पांच वर्षों से माउंटेनियर के रूप में सक्रिय हैं। अंजना अब तक 20 अंतरराष्ट्रीय पर्वतों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। अब उनका अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट ऐवरेस्ट पर वर्ष-2026 में सफलता प्राप्त करना है।

## उल्फा (आई) का कैडर गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद



**इटानगर,** (हि.स.)। अरुणाचल प्रदेश पुलिस और असम राइफल्स के एक संयुक्त अभियान में रविवार की सुबह अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए उग्रवादी की पहचान अनुपम दोहोतिया उर्फ थाउसेन आसोम के रूप में हुई है, जो असम के तिनसुकिया जिले के बारेकुरी का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया है कि गिरफ्तार उल्फा (आई) कैडर बीते 17 अक्टूबर को असम के तिनसुकिया जिलांतर्गत काकोपाथर सेना शिविर पर हुए उल्फा (आई) के हालिया हमले में शामिल प्रमुख कैडरों में से एक है। सुरक्षा बलों ने उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, जिसमें मुख्य रूप से एक एमक्यू राइफल, 151 राउंड ज़िंदा कारतूस, एक बोतल ग्रेनेड, एक राइफल ग्रेनेड शामिल है।

गिरफ्तार किए गए उग्रवादी से अभी नामसाई पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि इलाके में उग्रवादी संगठन के संभावित लिंक और भविष्य की योजनाओं का पता लगाया जा सके।

अधिकारियों ने इस अभियान को असम-अरुणाचल सीमा पर उग्रवादी गतिविधि को रोकने को लेकर चल रही कोशिशों में एक "रणनीतिक सफलता" बताया है।

## पुणे : बाल-बाल बचे 50 यात्री, एसटी बस देखते ही देखते जलकर खाक



**मुंबई,** (हि.स.)। पुणे जिले के इंदापुर बस स्टैंड पर खड़ी एसटी बस में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी बस जलकर राख हो गई। इस बस में सवार करीब 50 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। घटना की छानबीन इंदापुर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बस पुणे से धाराशिव की ओर जा रही थी। चालक ने इस बस को बीती रात करीब 2.10 बजे इंदापुर बस स्टैंड के प्लेटफार्म नंबर 11 पर थोड़ी देर के लिए खड़ा किया था, इसी दौरान बस में अचानक आग लग गई। आग लगने के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। अचानक लगी आग से अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।दमकल विभाग की टीम ने तुरंत आग पर काबू पाया गया लेकिन बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्राथमिक अंदाज है कि बस में आग ईंधन रिसाव के कारण लगी होगी, फिलहाल जांच जारी है।

## नक्सली रुपेश का खुलासा- कई आत्मसमर्पण को तैयार, लेकिन संगठन के प्रतिशोध का है डर

### आत्मसमर्पित रुपेश ने एक वीडियो जारी कर दिया बयान



**जगदलपुर,** जगदलपुर, 26 अक्टूबर। नक्सली संगठन के वरिष्ठ नेता सोनू और कमांडर रूपेश ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया। इस कदम से क्षेत्र में खलबली मची है और सरकार ने इसे बड़ी सफलता माना है। शेष नक्सलियों में डर और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**मुख्य आत्मसमर्पण**

रूपेश उर्फ सतीश, जो दंतेवाड़ा-बीजापुर डिवीजन कमेटी के प्रमुख और दक्षिण बस्तर के रणनीतिकार रहे हैं, ने 210 साथियों के साथ हथियार डालने का निर्णय लिया। वीडियो बयान में उन्होंने आत्मसमर्पण के पीछे के कारण और संगठन की भय-आधारित नीतियों का खुलासा किया।

**पृष्ठभूमि और कारण**

रूपेश ने कहा कि नक्सली आंदोलन की जड़ें कमजोर हुई हैं और युवा अब हथियार के बजाय संवाद, विकास और शिक्षा में विश्वास कर रहे हैं। उन्होंने हिंसा के लिए पछतावा जताया और सरकार से शेष साथियों को सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का भरोसा देने की अपील की।

**पुलिस और प्रशासन की प्रतिक्रिया** : बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल जनहित व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने शेष नक्सलियों से शांति और विकास के मार्ग को अपनाने की चेतावनी दी।

## मणिपुर : अलग-अलग इलाकों से 4 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल,** (हि.स.)। मणिपुर पुलिस ने थौबल और इंफाल जिलों में अभियान चलाकर प्रतिबंधित संगठनों प्रीपाक (प्रो), केसीपी (ताइबांग न्गांबा) और केवाईकेएल से जुड़े 4 सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई इलाके में जबरन वसूली और उग्रवाद की गतिविधियों को रोकने के लिए अहम मानी जा रही है।

थौबल जिले में प्रीपाक (प्रो) के दो सदस्यों, 32 वर्षीय के राजकुमार नेवी मैतेई और 27 वर्षीय के थोंगम रोनाल्डो सिंह को अलग-अलग जगहों से हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड और मोबाइल फोन बरामद हुए।



इंफाल ईस्ट में केसीपी (ताइबांग न्गांबा) के 67 वर्षीय के हुयाम रामेश्वर सिंह को पोरोमपट से गिरफ्तार किया गया, जबकि इंफाल वेस्ट के सिंगजामेई में केवाईकेएल के 31 वर्षीय हेमरजीत लीशांगथेम को उनके घर से हिरासत में लिया गया। उनके पास मोबाइल फोन, आधार कार्ड और एयरटेल एयरफाइबर डिवाइस जब्त किए गए।

सुरक्षा बल संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और एरिया डोमिनेशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर 129 जरूरी सामान गाड़ियों की आवाजाही सुनिश्चित की गई। कुल 114 नाके/चेकपॉइंट लगाए गए और संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफ़िले तैनात किए गए।

**4 सक्रिय उग्रवादी गिरफ्तार।**
---------------
**प्रीपाक (प्रो), केसीपी और केवाईकेएल से संबंध।**
---------------
**हथियार और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त।**
---------------
**संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा कड़ी।**
---------------
**राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित।**




मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 47वां आसियान शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है, जो 28 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सहित कई प्रमुख नेता भाग ले रहे हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मलेशिया यात्रा :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर कुआलालंपुर पहुंचे हैं। यह उनकी 2017 के बाद पहली बार आसियान शिखर सम्मेलन में भागीदारी है। ट्रंप की यात्रा को लेकर मलेशिया में कुछ विरोध भी हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने इसे क्षेत्रीय कूटनीति और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बताया है।
TV9 Bharatvarsh

**भारत का प्रतिनिधित्व**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मलेशिया दौरा अचानक रद्द हो गया है। उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से फोन पर बातचीत में बताया कि वह पहले से तय कार्यक्रमों के कारण सम्मेलन में शिरकत नहीं कर पाएंगे। अब भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर कर रहे हैं, जो सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।
NDTV India

**सम्मेलन का महत्व**
आसियान शिखर सम्मेलन एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच है। इसमें आसियान के 10 सदस्य देशों के अलावा, भारत, चीन, जापान, अमेरिका और अन्य साझेदार देशों के नेता भी भाग लेते हैं। इस सम्मेलन में व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और अन्य वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

## काठमांडू का होटल हयात रिजेंसी अनिश्चितकाल के लिए बंद, जेन जी आंदोलन के दौरान हुई थी भारी तोड़फोड़ और आगजनी

**काठमांडू,** (हि.स.)। काठमांडू में पांच सितारा तारागांव रीजेंसी होटल (हयात रीजेंसी) अनिश्चितकाल के लिए बंद हो गया है। इस होटल में 9 सितंबर को 'जेन जी' आंदोलन के दौरान व्यापक तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी और होटल को काफी नुकसान पहुंचा था। होटल के मानव संसाधन निदेशक ने नोटिस जारी कर होटल के अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हयात होटल के 400 कमरे में से 70 कमरे और लॉबी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके लिए व्यापक मरम्मत और नवीकरण की



आवश्यकता है। नोटिस में कहा गया है कि संरचना, उपकरण और सुरक्षा प्रणालियों को भी बहुत नुकसान पहुंचने के कारण सभी वाणिज्यिक सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे अगली सूचना तक काम पर रिपोर्ट न करें। हयात रीजेंसी काठमांडू साल 2000 से अपनी सेवाएं दे रहा है। यह 403 कमरों के साथ काठमांडू का प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल है। जेनजी विद्रोह के दौरान प्रदर्शनकारियों ने होटल में घुसकर तोड़फोड़ तथा आगजनी कर दी थी। इसी क्रम में वहां ठहरे सैकड़ों भारतीय पर्यटकों को भागना पड़ा था। आगजनी के कारण मची भगदड़ में एक भारतीय महिला पर्यटक की उस वक्त मौत हो गई जब वह अपनी जान बचाने के लिए तीसरी मंजिल से नीचे कूद गई। बाहर निकलने के सारे रास्ते आग के हवाले किए जा चुके थे, जिस कारण से खिड़की से खुद कर उस महिला पर्यटक ने जान बचाने की कोशिश की थी।

## सुशीला कार्की कैबिनेट में दो नए मंत्री शामिल हुए, विवाद के बाद दो नाम हटाये गए

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री की कैबिनेट में रविवार को सिर्फ दो नए मंत्रियों को शामिल किया गया। आज सुबह चार नए मंत्रियों की सिफारिश किए जाने का बावजूद राष्ट्रपति भवन 'शीतल निवास' में दो मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। दो अन्य नाम विवादित होने के बाद अंतिम समय में हटा लिए गए। आज शपथ लेने वालों में डॉ. सुधा गौतम और बबलू गुप्ता हैं। डॉ. गौतम को स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि गुप्ता को युवा तथा खेलकूद मंत्रालय दिया गया है।



प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने आज सुबह चार लोगों के नाम की सिफारिश राष्ट्रपति के पास भेजी थी। इनमें श्रम तथा रोजगार मंत्रालय के लिए सिफारिश किए गए खगेन्द्र सुनार और संस्कृति तथा पर्यटन मंत्रालय के लिए गणपति लाल श्रेष्ठ का नाम अंतिम समय में हटा दिया गया। सुनार के खिलाफ कोर्ट से दो अलग-अलग मामलों में वारंट जारी होने के बाद उनका नाम वापस ले लिया गया। गणपति लाल श्रेष्ठ ने संस्कृति तथा पर्यटन मंत्रालय की जगह अंतिम समय में भूमि सुधार मंत्रालय दिए जाने के कारण शपथ लेने से इंकार कर दिया।

### बुलेटिन बॉक्स

- रूस ने कीव पर हवाई हमला किया, 2 लोग मरे और 13 घायल।
- ट्रम्प ने चीन से 'पूर्ण व्यापार समझौता' करने की इच्छा जताई।
- आयरलैंड में वामपंथी उम्मीदवार कैथरीन कॉनली राष्ट्रपति चुनी गई।
- तूफान मेलिसा ने कैरेबियन में भारी बारिश और बाढ़ का खतरा बढ़ाया।
- पूर्वी तिमोर ASEAN का 11वां सदस्य बन गया।

## रूस की इस्कंदर मिसाइल : आधुनिक युद्ध में 'गेम चेंजर'

**मॉस्को :** रूस की 'इस्कंदर' मिसाइल को आधुनिक युद्ध की सबसे खतरनाक मिसाइलों में गिना जाता है। नाटो इसे SS-26 स्टोन और स्केयर कहता है। यह छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) है, जिसे 2006 में रूसी सेना में शामिल किया गया। इसकी अधिकतम रेंज 500 किलोमीटर है, जबकि निर्यात संस्करण 280



किलोमीटर तक सीमित है। 480-700 किलोग्राम तक का पेलोड यह पारंपरिक और न्यूक्लियर वारहेड ले जाने में सक्षम बनाता है।

**हाइपरसोनिक गति और रडार-एवेडिंग :** इस्कंदर मिसाइल सड़क-मोबाइल लॉन्चर पर तैनात होती है, जिससे इसे छिपाना और तैनात करना आसान है। इसकी टर्मिनल गति माच 6-7 तक पहुंचती है, जो इसे दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से बचाती है। क्वासी-बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी और डिकॉय सिस्टम रडार को भ्रमित करते हैं, जबकि रडार-एवेडिंग सामग्री इसे ट्रैक करना मुश्किल बनाती है।

**युद्ध में भूमिका और 'गेम चेंजर'** यूक्रेन में इसका इस्तेमाल शहरों, सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुआ, जहां इसकी गति और मैन्यूवरेबिलिटी ने आधुनिक डिफेंस सिस्टम को नाकाम किया। न्यूक्लियर वारहेड से लैस होने पर यह पूरे क्षेत्र को तबाह कर सकती है। विशेषज्ञ इसे पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों से अधिक घातक मानते हैं। रूस इसे रक्षात्मक हथियार बताता है, लेकिन युद्ध ने इसकी आक्रामक क्षमता उजागर की है।

**वैश्विक प्रभाव :** इस्कंदर जैसी मिसाइलें हथियार नियंत्रण वार्ताओं और वैश्विक सुरक्षा संतुलन को प्रभावित कर रही हैं। नाटो इसे रोकना मुश्किल मानता है, इसलिए इसे 'स्केयर' भी कहा जाता है। आधुनिक युद्ध में इसकी भूमिका इसे एक वास्तविक 'गेम चेंजर' बनाती है।

## पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के 'खुला' अधिकार को बरकरार रखा

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के 'खुला' के अधिकार को मजबूती से कायम रखा है। 'खुला' के तहत महिलाएं पति की सहमति के बिना विवाह विच्छेद कर सकती हैं, जबकि 'तलाक' पुरुषों का विशेषाधिकार है। अदालत ने मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार को तलाक का वैध आधार मानते हुए पारिवारिक न्यायालय



के आदेश को बहाल किया। न्यायमूर्ति आयशा मलिक ने लिखा कि 'खुला' पत्नी का मौलिक अधिकार है और इसे पति की सहमति पर निर्भर नहीं किया जा सकता। यह फैसला पाकिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है।

## आसियान सम्मेलन में मलेशिया जा रहे ट्रंप की अल-उदीद एयरबेस पर कतर के अमीर के साथ मुलाकात

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कतर के अमीर और प्रधानमंत्री से मुलाकात की।यह अप्रत्याशित मुलाकात तब हुई जब आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने मलेशिया जा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति का विमान अल-उदीद एयरबेस पर ईंधन भरने के लिए रुका था। व्हाइट हाउस ने एक्स पोस्ट



साझा करते हुए इस मुलाकात की तस्वीरें और ब्यौरा जारी कर बताया है कि मलेशिया जा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का विमान अल-उदीद एयर बेस पर ईंधन भरने के लिए रुका था। जहां कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने ट्रंप का गर्मजोशी भरा स्वागत किया। एयर फोर्स वन विमान में हुई बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि "हमने मिलकर जो काम किया है, वह ऐतिहासिक है- मध्य पूर्व में अब असली शांति आई है। ऐसी शांति पहले कभी नहीं देखी गई।" गाजा में हमास के साथ हुए संघर्ष विराम को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने भरोसा जताया है कि यह दीर्घकालिक होगा और हमास ने जो वादा किया है वह उसपर कायम रहेगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो ट्रंप ने कहा कि हमास को ऐसी परेशानी झेलनी पड़ेगी जिसे वह संभाल नहीं पाएगा।

## जापान के होक्काइडो में भूकंप, जानें रिक्टर स्केल पर कितनी रही तीव्रता

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। जापान के होक्काइडो में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेस (जीएफजेड) के अनुसार यह भूकंप रिक्टर स्केल पर 5.7 तीव्रता का था और 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। खबर लिखे जाने तक इस भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान, चोट या सुनामी की चेतावनी की कोई रिपोर्ट नहीं आई। होक्काइडो जापान का सबसे




उत्तरी और दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है। यह होन्शू द्वीप के उत्तर में स्थित है और दोनों के बीच त्सुगारू जलडमरू का समुद्री क्षेत्र आता है। जापान भूकंप के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में आता है, इसलिए यहां उन्नत भूकंप-रोधी तकनीक और सख्त बिल्डिंग कोड विकसित किए गए हैं। जापान टेक्टोनिक प्लेट्स के जंक्शन पर स्थित है, जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। चार प्रमुख प्लेट्स—पैसिफिक, फिलीपींस सी, यूरेशियन और नॉर्थ अमेरिकन—के आपसी टकराने, खिसकने या एक-दूसरे के नीचे सरकने से लगातार भूकंप आते हैं। इस क्षेत्र में भूगर्भीय हलचल और दबाव लगातार बनता रहता है। भूकंप-प्रवण होने के बावजूद जापान में भूकंप-रोधी इमारतें और अलर्ट सिस्टम इसे नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जापान का भूगोल और मिट्टी की संरचना भूकंप के प्रभाव को बढ़ा सकती है, इसलिए यहां आधुनिक तकनीक और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाती है।

# रोहित शर्मा ने प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतते ही बनाया नया इतिहास, धोनी और गावस्कर को छोड़ा पीछे




भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से हार के बावजूद सम्मानजनक वापसी की। सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में भारत ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला खूब चला। रोहित ने 121 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई और अपने दमदार प्रदर्शन से “प्लेयर ऑफ द सीरीज” अवॉर्ड अपने नाम किया।

**धोनी को पीछे छोड़ रचा नया रिकॉर्ड** : रोहित शर्मा ने इस सीरीज में 101 के औसत से कुल 202 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा। इस प्रदर्शन के चलते उन्हें न केवल सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, बल्कि वह एमएस धोनी को पीछे छोड़ते हुए सबसे अधिक उम्र में “प्लेयर ऑफ द सीरीज” जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए। धोनी ने यह उपलब्धि 37 साल 194 दिन की उम्र में हासिल की थी, जबकि रोहित ने 38 साल 178 दिन की उम्र में यह कारनामा किया।

**सबसे अधिक उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी**

रोहित शर्मा – 38 साल 178 दिन

एमएस धोनी – 37 साल 194 दिन

सुनील गावस्कर – 37 साल 190 दिन

**सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड भी टूटा** : रोहित शर्मा को सिडनी वनडे में उनकी शतकीय पारी के लिए “प्लेयर ऑफ द मैच” का अवॉर्ड भी दिया गया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। अब रोहित शर्मा सबसे अधिक उम्र में “प्लेयर ऑफ द मैच” बनने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम था, जिन्होंने 38 साल 113 दिन की उम्र में यह सम्मान प्राप्त किया था। रोहित की यह उपलब्धि उनके करियर में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ती है।

# ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले कप्तान हीली के वापस होने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में 30 अक्टूबर को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का भारत से मुकाबला है। नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया को चोटिल कप्तान एलिसा हीली की वापसी की उम्मीद है।



ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शनिवार को इंदौर में अपने आखिरी लीग स्टेज मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया और टूर्नामेंट के मेजबान के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले उसके पास कुछ बहुमूल्य समय है। ये अतिरिक्त दिन हीली को अपनी पिंडली की चोट से उबरने का मौका देंगे। ऐसे में आस्ट्रेलियाई कोच शेली निश्चेके को उम्मीद है कि तब तक उनकी कप्तान खेलने के लिए फिट हो जाएंगी। आईसीसी के अनुसार निश्चेके ने कहा कि रात वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं थी, लेकिन उसका मूल्यांकन जारी रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई कोच ने कहा कि हम सेमीफाइनल के लिए आशान्वित हैं, लेकिन उससे पहले अभी कुछ दिन हैं। हमें फिर भी उम्मीद है और जैसे-जैसे मैच नजदीक आएगा, उसका मूल्यांकन जारी रहेगा।'

ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप के लीग चरण के दौरान भारत पर तीन विकेट से जीत दर्ज की थी , जिसमें हीली ने 142 रनों की शानदार पारी खेली थी।

भारत को नवी मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल में घरेलू दर्शकों से उत्साहवर्धन की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम के लिए यह स्थान कोई नया नहीं है, क्योंकि पिछले वर्ष की शुरूआत में उन्होंने हरमनप्रीत कौर की टीम को इसी स्थान पर 2-1 से टी-20 श्रृंखला में हराया था। एलिसा हिली की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रही ताहलिया मैकग्राथ ने कहा, ''हमने उस मैदान पर और भारत के खिलाफ काफी मैच खेले हैं।'' उन्होंने कहा कि "यह एक नॉकआउट गेम है, आपको तैयार रहना होगा। उल्लेखनीय है कि नेट प्रैक्टिस के दौरान एलिसा हीली को इंजरी हो गई थी। उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्राथ कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

# रणजी ट्रॉफी में CSK के गेंदबाज ने दिखाया कमाल



रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में तमिलनाडु के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए नागालैंड के खिलाफ हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। चेन्नई सुपर किंग्स की आईपीएल स्क्वाड में शामिल रहे गुरजपनीत को इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन रणजी में उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींच लिया। दिमापुर में खेले जा रहे इस मुकाबले में तमिलनाडु ने पहली पारी 512/3 पर घोषित की। जवाब में नागालैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और सिर्फ 9 रन पर तीन विकेट गिर गए—तीनों विकेट गुरजपनीत ने लगातार तीन गेंदों में झटके। उन्होंने सेडेझाली रूपेरो, हेम छेत्री और कप्तान रोंगसेन जोनाथन को आउट कर अपने फर्स्ट क्लास करियर की पहली हैट्रिक पूरी की। वे 2018 के बाद तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने।

# रांची आए देश-विदेश के एथलीट्स ने साझा की अपने जीवन और संघर्ष की कहानी

**रांची,** (हि.स.)। रांची में आयोजित चौथे दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दौरान ‘जोहार वार्ता’ ने रविवार को खिलाड़ियों के दिलों की बात को मंच पर लाने का सशक्त और संवेदनशील प्रयास किया। इस विशेष संवाद श्रृंखला में दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों से आए एथलीट्स ने न केवल अपनी उपलब्धियों की कहानी सुनाई, बल्कि झारखण्ड में मिले आत्मीय अनुभवों को भी साझा किया।




**भारत के समरदीप और संजना की प्रेरक यात्रा** : भारत के समरदीप सिंह गिल ने बताया कि वे पहले क्रिकेटर थे, लेकिन स्टेडियम में फिटनेस के दौरान उन्होंने पहली बार शॉटपुट फेंका और नई राह मिल गई। बीच में चोटें आईं, लेकिन परिवार का साथ बना रहा। समरदीप ने पुरुष शॉटपुट में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता और भारतीय दल के ध्वजवाहक भी रहे।

हरियाणा की संजना सिंह ने कहा कि बचपन की शरारतों ने उन्हें खेल की ओर प्रेरित किया। उन्होंने 1500 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते और अपनी माँ को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताया।

**एकता और खेल भावना का उत्सव बना जोहार वार्ता** : ‘जोहार वार्ता’ इस चैम्पियनशिप का भावनात्मक केंद्र बन गई है, जहां खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन, संघर्ष और एकता का उत्सव बन गया। खिलाड़ियों की सच्ची कहानियों ने यह सिद्ध किया कि खेल सीमाओं को नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का माध्यम है। इस संवाद श्रृंखला ने दक्षिण एशिया में भाईचारे, मानवता और खेल भावना को नई दिशा दी है।

**दक्षिण एशिया के खिलाड़ियों की भावनात्मक गूंज** : मालदीव की सबहा ने कहा कि 17 साल बाद आयोजित इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने रांची की गर्मजोशी और शानदार व्यवस्थाओं की सराहना की। श्रीलंका के रनातुंगे रोशन ने कहा कि स्प्रिंट दौड़ महीनों की मेहनत का नतीजा होती है और भारत की प्रगति देखना प्रेरणादायक है। उन्होंने पुरुषों की 110 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता।

**नेपाल के मुकेश ने साझा की अपनत्व की भावना** : नेपाल के एथलीट मुकेश बहादुर पाल ने कहा कि भारत उन्हें अपने देश जैसा ही लगता है। उन्होंने रांची की सांस्कृतिक समृद्धि और सरकारी सुविधाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह अनुभव वे अपने पोते-पोतियों को सुनाएंगे कि वे ऐतिहासिक सैफ गेम्स का हिस्सा थे।

# पंजाब एफसी ने सुपर कप से पहले गोलकीपर अर्शदीप सिंह के साथ किया करार



नई दिल्ली, (हि.स.)। पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिंग लाइनअप को मजबूत करते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल किया है। 28 वर्षीय अर्शदीप ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है और वे हैदराबाद एफसी से जुड़ रहे हैं। टीम एआईएफएफ सुपर कप 2025 में 27 अक्टूबर को गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी।

अर्शदीप ने एआईएफएफ एलीट अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया और मिनर्वा पंजाब से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली मिनर्वा टीम का हिस्सा रहे और एएफसी चैंपियंस लीग व एएफसी कप में भी खेले। आईएसएल में अर्शदीप ने ओडिशा एफसी, एफसी गोवा और हैदराबाद एफसी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने ओडिशा एफसी के लिए तीन सीजन में 33 मैच और एफसी गोवा के लिए 17 मैच खेले।पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि अर्शदीप टीम की गोलकीपिंग यूनिट को मजबूती देंगे। वहीं अर्शदीप ने कहा कि अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है और वे पंजाब के युवाओं को प्रेरित करना चाहते हैं।

# इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ पर BCCI का आया बयान, सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ की घटना के बाद बीसीसीआई ने इसे निंदनीय बताया और सुरक्षा प्रोटोकॉल को और सख्त करने का भरोसा दिया। सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत अपने आतिथ्य के लिए जाना जाता है और ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की तत्परता की सराहना**

खजराना रोड इलाके में हुई इस घटना में शामिल व्यक्ति को पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। बीसीसीआई और एमपीसीए ने मध्य प्रदेश पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की।




**एमपीसीए ने जताई नाराजगी और संवेदना** : मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ ने इस शर्मनाक घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि किसी भी महिला को ऐसा ‘ट्रॉमा’ नहीं झेलना चाहिए। संघ ने खिलाड़ियों के साहस और दृढ़ता की सराहना की, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में हिस्सा लिया।

**सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा जारी** : एमपीसीए ने बताया कि स्थानीय प्रशासन ने टूर्नामेंट के दौरान पूरी सुरक्षा दी थी। अब यह जांच की जा रही है कि क्या खिलाड़ियों ने होटल से बाहर निकलते समय सुरक्षा कवर मांगा था या नहीं। संस्था ने खिलाड़ियों और जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# महिला वर्ल्ड कप 2025 : भारत-ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल मुकाबले, जानें पूरा शेड्यूल

महिला वर्ल्ड कप 2025 अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो गई हैं— भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में होगा। दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे और टॉस आधे घंटे पहले होगा।




फाइनल मुकाबला 2 नवंबर को खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम ने अब तक दो बार (2005 और 2017) फाइनल में जगह बनाई है, लेकिन दोनों बार उसे हार का सामना करना पड़ा। इस बार टीम से उम्मीदें फिर बढ़ी हैं, खासकर स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज और प्रतिका रावल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन से। भारत अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और 26 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलेगा, जिसके बाद नॉकआउट की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।